(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

इस साल हंसिका...8



सोमवार, 17 जनवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 29 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## आप के गोवा मॉडल के साथ सामने आए केजरीवाल, बोले- सरकार बनने पर हर परिवार को 5 साल में होगा 10 लाख का फायदा

पणजी। गोवा में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। ऐसे में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मतदाताओं से 13 वादे किए। उन्होंने कहा कि अगर गोवा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो 5 साल के भीतर हर परिवार को 10 लाख रुपए का फायदा होगा। उन्होंने कहा कि हमने गोवा के लिए 13 एजेंडा तैयार किया है, गोवा में हम सबको रोजगार देंगे और जिनको नहीं मिलेगा उनको 3,000 महीना बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। हमारी सरकार बनने के 6 महीने में माइनिंग शुरू होगी। उन्होंने कहा कि हम शिक्षा व्यवस्था ठीक करेंगे और सबको अच्छी स्वास्थ्य सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 18 साल से ज्यादा की महिलाओं को एक हजार रुपए महीना देंगे। ऐसे में अगर एक परिवार में दो महिलाएं हैं तो उन्हें साल 24,000 रुपए मिलेगा। हम सभी को अच्छा




इलाज देंगे। पर्यटन क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। 24 घंटे फ्री में बिजली और पानी दिया जाएगा। सड़कें ठीक की जाएगी। केजरीवाल का गोवा मॉडल– नौकरियां देंगे और नौकरी नहीं मिली तो युवाओं को 3,000 रुपए बेरोजगारी भत्ता मिलेगा। खनन दोबारा शुरू कराएंगे भूमि अधिकार बहाल करेंगे अच्छी शिक्षा देंगे स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करेंगे भ्रष्टाचार मुक्त सरकार बनाएंगे 18 साल से ज्यादा की हर महिला को प्रति माह 1000 रुपए देंगे खेती की समस्याओं का समाधान निकालेंगे अंतरराष्ट्रीय मानकों को अनुरूप पर्यटन क्षेत्र को विकसित करेंगे सरलीकृत व्यापार और उद्योग मानदंड मुफ्त बिजली की सुविधा उपलब्ध कराएंगे मुफ्त पानी देंगे सड़कें बेहतर की जाएंगी घर–घर जाकर किया चुनाव प्रसारः इससे पहले केजरीवाल ने शनिवार को पार्टी उम्मीदवारों के लिए घर–घर जाकर चुनाव प्रसार किया था। इस दौरान उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस, भाजपा और एमजीपी सभी को यहां के लोगों ने ट्राई करके देख लिया और उन्हें ईमानदारी चाहिए। इसीलिए अगर यहां पर आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो उन्हें ईमानदारी मिलेगी। हम दिल्ली की तरह ही गोवा में भी करके दिखाएंगे।

## मुख्यमंत्री चन्नी के भाई को कांग्रेस ने नहीं दिया टिकट, इस सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का बनाया मन



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के भाई डॉ. मनोहर सिंह को कांग्रेस ने टिकट नहीं दिया। जिसके बाद उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का मन बनाया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, मनोहर सिंह ने विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए सरकारी नौकरी से वीआरएस लिया था, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू नहीं चाहते थे कि पार्टी मुख्यमंत्री चन्नी के भाई को टिकट दे। ऐसे में उन्होंने मनोहर सिंह की जगह मौजूदा विधायक गुरप्रीत सिंह जीपी की उम्मीदवारी का समर्थन किया था। निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे मनोहर सिंहः मुख्यमंत्री चन्नी के भाई ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का मन बना लिया है। आपको बता दें कि मनोहर सिंह बस्सी पठाना से चुनाव लड़ना चाहते थे और मुख्यमंत्री चन्नी ने उन्हें टिकट दिलाने का प्रयास भी किया लेकिन उनका प्रयास सफल नहीं हो पाया। माना जा रहा है कि पार्टी ने सिद्धू के पसंद के उम्मीदवारों का चयन किया है। ताकि नाराजगी को दूर किया जा सके। इसके अलावा पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के करीबियों को भी टिकट दिया है। 86 उम्मीदवारों की पहली सूची जारीः कांग्रेस ने शनिवार को पहली सूची जारी की। इस सूची में मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी समेत 86 उम्मीदवारों के नाम शामिल है। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री चन्नी को चमकौर साहिब एससी से अपना उम्मीदवार बनाया है। जबकि प्रदेशाध्यक्ष अमृतसर पूर्व से चुनाव लड़ेंगे। आपको बता दें कि कांग्रेस ने प्रताप सिंह बाजवा को कादियान से, गायक सिद्धू मूसेवाला को मानसा से और फिल्म अभिनेता सोनू सूद की बहन मालविका सूद को मोगा से टिकट दिया है।

## सपा कार्यकर्ताओं के लिए गरीबों को कंबल बांटना पड़ा महंगा, कोतवाली थाने में दर्ज हुआ मुकदमा

वाराणसी। आचार संहिता का उल्लंघन सपा कार्यकर्ताओं के लिए काफी महंगा सिद्ध हुआ, दरअसल डिंपल यादव के जन्मदिन पर सपा कार्यकर्ता गरीबों को कंबल वितरित कर रहे थे, जिसकी



खबर मिलते ही, पुलिस कोतवाली थाने में चार सपा नेताओं सहित दस अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर लिख, प्रकरण की जांच में जुट गई है। वाराणसी के कोतवाली थाना प्रभारी भरत उपाध्याय ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि, शनिवार को सपा के कार्यकर्ताओं ने सप्तसागर दवा मंडी में, कन्नौज की पूर्व सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन मनाया, इस दौरान उन्होंने कोविड–19 की प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया, और साथ ही जिले में लागू आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर कंबल भी वितरित किया।




## पोल के आंकड़े साझा करते हुए बोला राहुल, भाजपा की नफरत की राजनीति देश के लिए बेहद हानिकारक है

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता



राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ''नफरत'' की राजनीति देश के लिए बहुत हानिकारक है और यह बेरोजगारी के लिए भी जिम्मेदार है। गांधी ने एक ट्वीट में कहा, ''मैं भी यही मानता हूं कि भाजपा की नफरत भरी राजनीति देश के लिए बेहद हानिकारक है। और ये नफरत ही बेरोजगारी के लिए भी जिम्मेदार है।'' उन्होंने कहा, ''देशी और विदेशी उद्योग बिना सामाजिक शांति के नहीं चल सकते। रोज अपने आसपास बढ़ती इस नफरत को भाईचारे से हराएंगे– क्या आप मेरे साथ हैं?'' गांधी ने शनिवार को भी बेरोजगारी, महंगाई और 'नफरत के माहौल' को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा था।

## अश्बल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा

लखनऊ। ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है।

एआईएमआईएम ने जिन सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं उनमें लोनी (गाजियाबाद), गढ़ मुक्तेश्वर और धौलाना (हापुड़), सिवाल खान, सरधना और किठौर (सभी मेरठ), सहारनपुर में बेहट, बरेली और सहारनपुर ग्रामीण हैं।यूपी विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी द्वारा घोषित यह पहली सूची है।

## उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 7 चरण में, सात अंक पर पार्टी के दावे अलग–अलग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के करीब एक सप्ताह होने के साथ ही राज्य के राजनीतिक दलों को लगता है कि राज्य का सात चरण का चुनाव उनके लिए भाग्यशाली साबित होगा और इससे उन्हें अपने प्रतिद्वंद्वियों पर व्यापक जीत दर्ज करने में मदद मिलेगी। इसे लेकर राजनीतिक दलों ने अपने–अपने पक्ष में अलग–अलग तर्कों के साथ दावे किये हैं। राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सात चरणों के चुनाव में जीत की उम्मीद है जबकि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस का मानना है कि सात चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव में किस्मत उन पर मेहरबान होगी। चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश में सात चरणों में मतदान की घोषणा की है जिसकी शुरुआत 10 फरवरी से होगी। मतगणना चार अन्य राज्यों के साथ 10 मार्च को होगी। राज्य में 10 फरवरी, 14 फरवरी, 20 फरवरी, 23 फरवरी, 27 फरवरी, तीन मार्च और सात मार्च को मतदान होगा। भाजपा के राज्यसभा सदस्य संजय सेठ ने संख्या सात के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसे शुभ माना जाता है। उन्होंने ट्वीट किया, ''सप्त ऋषि तारामंडल, सात रंग इंद्रधनुष, सात सरगम गीत, शुभ होता है। सात अंक वर्ष 2014 लोकसभा चुनाव, वर्ष 2017



विधानसभा चुनाव, वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव, सभी चुनाव सात फेस में हुए और भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत से रही। इस बार भी 7 फेस में चुनाव हैं और भाजपा 300 पार सीट लाएगी। उल्लेखनीय है कि 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में 11 फरवरी, 15 फरवरी, 19 फरवरी, 23 फरवरी, 27 फरवरी, चार मार्च और आठ मार्च को मतदान हुआ था। मतों की गिनती 11 मार्च को हुई थी। इसी तरह उत्तर प्रदेश में सात चरणों में 2019 के लोकसभा चुनाव में 11 अप्रैल, 18 अप्रैल, 23 अप्रैल, 29 अप्रैल, छह मई, 12 मई और 19 मई को मतदान हुआ था। उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा कि चूंकि चुनाव पश्चिमी उत्तर प्रदेश से पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ रहे हैं, भाजपा अपने शानदार प्रदर्शन को दोहराएगी, जैसा कि उसने 2017 के विधानसभा चुनावों और 2019 के लोकसभा चुनावों में किया है। भाजपा के दावों का खंडन करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अशोक सिंह ने पीटीआई– से कहा, राज्य में 2014 से हो रहे चुनावों में भाजपा ने सिर्फ छल करने की राजनीति की है लेकिन राज्य के लोगों ने भी भाजपा को सात समुंदर से पार फेंकने का मन बना लिया है।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव में आसानी से सात समंदर पार कर जाएगी।'' भाजपा पर तीखा हमला करते हुए सिंह ने कहा, भाजपा नेताओं को सप्ताह के सभी सातों दिन झूठ बोलने की आदत है और इसलिए वे रथ के सात घोड़ों से कोई सकारात्मक ऊर्जा खींचने की स्थिति में नहीं होंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि सप्तऋषि इस बार कांग्रेस को आशीर्वाद देने जा रहे हैं।

## योगी कैबिनेट में मंत्री रहे दारा सिंह चौहान सपा में हुए शामिल, बोले– भाजपा सरकार में चंद लोगों का हुआ विकास

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री पद से हाल ही में इस्तीफा दे चुके दारा सिंह चौहान और भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी 'अपना दल (सोनेलाल)' के विधायक डॉ. आरके वर्मा रविवार को अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गये। सपा मुख्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की मौजूदगी में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने दारा सिंह चौहान तथा प्रतापगढ़ जिले के विधायक आरके वर्मा के अपने–अपने समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। इस मौके पर चौहान ने कहा कि 2017 में जब भाजपा की सरकार बनी तब 'सबका साथ–सबका विकास' का नारा दिया गया था, लेकिन कालांतर में साथ तो सबका लिया गया, मगर विकास कुछ चंद लोगों का हुआ। इस प्रदेश में चंद लोगों का विकास हुआ और बाकी लोगों को



उनके हाल पर छोड़ दिया गया। चौहान ने कहा, ''सपा मेरा पुराना घर है और हम उत्तर प्रदेश की सियासत की बदलकर अखिलेश यादव को फिर से उप्र को मुख्यमंत्री बनायेंगे।'' उन्होंने कहा कि वह आने वाले दिनों में सभी पिछड़ों और दलित समाज को लामबंद करेंगे। विरोधी लाख साजिश कर लें, लेकिन यह तूफान रुकने वाला नहीं है, बदलाव होकर रहेगा। अति पिछड़ी नोनिया (चौहान) बिरादरी से आने वाले मऊ जिले की मधुबन विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान विधायक दारा सिंह चौहान ने 12 जनवरी को योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पर पिछड़ों, दलितों, वंचितों, किसानों और बेरोजगारों की उपेक्षा और पिछड़ों व दलितों के आरक्षण में खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए वन एवं पर्यावरण मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। चौहान के साथ पूर्वी उत्त्तर प्रदेश के कई नेताओं ने सपा की सदस्ष्यता ग्रहण की। आजमगढ़ जिले के मूल निवासी दारा सिंह चौहान एक बार बहुजन समाज पार्टी से और एक बार समाजवादी पार्टी से 1996 से 2006 तक राज्ष्यसभा के सदस्ष्य तथा 2009 में घोसी लोकसभा क्षेत्र से बसपा के सांसद रह चुके हैं। वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव हारने के बाद वह 2015 में भाजपा में शामिल हुए थे और उन्ष्हें भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का राष्ट्रीय अध्ष्यक्ष बनाया गया था। प्रतापगढ़ के विश्ष्वनाथगंज सीट से अपना दल सोनेलाल के दूसरी बार के विधायक डॉ. आरके वर्मा को पार्टी नेतृत्ष्व ने पिछले दिनों दल से निष्ष्कासित कर दिया था।

## गोवा की 10 से 15 सीटों पर चुनाव लड़ेगी शिवसेना




मुंबई। शिवसेना सांसद संजय राउत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर रविवार को जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने के बावजूद मुख्यमंत्री केजरीवाल गोवा में घर–घर जाकर प्रचार कर रहे हैं। इसकी क्या जरूरत है ? वह सिर्फ अपना संदेश दे सकते हैं। दरअसल, विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केजरीवाल दो दिनों के गोवा दौरे पर हैं। 15 सीटों पर चुनाव लड़ेगी शिवसेना : शिवसेना सांसद ने कहा कि अगर आम आदमी पार्टी इतनी ज्यादा मजबूत है तो फिर मुख्यमंत्री गोवा क्यों गए हैं ? वो भी तब जब दिल्ली में उनकी ज्यादा जरूरत है क्योंकि मामले (कोरोना संक्रमण) बढ़ रहे हैं। इसी बीच उन्होंने गोवा विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी पार्टी का एजेंडा भी स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि गोवा की 10–15 सीटों पर ही चुनाव लड़ेंगे। एनसीपी नेता भी गोवा आ रहे हैं। माना जा रहा है कि जल्द ही शिवसेना और एनसीपी के बीच सीट शेयरिंग फॉर्मूला तय हो सकता है। दो दिवसीय गोवा दौरे पर गए केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी का 13 सूत्री गुजरात मॉडल पेश किया। उन्होंने कहा कि अगर गोवा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो 5 साल के भीतर हर परिवार को 10 लाख रुपए का फायदा होगा।

## जयंत चौधरी ने भाजपा पर लगाया ध्रुवीकरण का आरोप

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) प्रमुख जयंत चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उत्तर प्रदेश चुनाव के दौरान 'ध्रुवीकरण' करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि भाजपा ''एक गियर वाली कार'' चला रही है जो उसे पीछे की ओर ले जा रही है। चौधरी ने कहा कि मुस्लिम विरोधी बयानबाजी से भाजपा को कोई फायदा नहीं होने वाला है, क्योंकि लोग इस तरह की राजनीति से तंग आ चुके हैं। जयंत चौधरी (43) की पार्टी ने अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ गठबंधन किया है। जयंत ने कहा कि वह उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे और इसके बजाय वह प्रचार पर ध्यान केंद्रित करेंगे। 'पीटीआई–भाषा' को दिए साक्षात्कार में चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ भाजपा के नेताओं के



सपा–रालोद गठबंधन में शामिल होने से पता चलता है कि गठबंधन सही मार्ग पर आगे बढ़ रहा है और यह एक ''आकर्षक, व्यवहार्य विकल्प'' है, क्योंकि गठबंधन जमीनी स्तर का प्रतिनिधित्व करना चाहता है। रालोद प्रमुख ने भरोसा जताया कि विपक्षी वोट विभाजित नहीं होंगे, क्योंकि इस बार सपा–रालोद गठबंधन और भाजपा के बीच सीधी लड़ाई है। नहीं बटेंगे विपक्ष के वोट : चौधरी ने कहा, ''विपक्ष के वोट नहीं बंटेंगे, मुझे भरोसा है। पिछली बार भाजपा को वोट देने वाले लोग भी इस बार वास्तव में सपा के साथ हमारे गठबंधन के लिए मतदान करने वाले हैं। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि मौजूदा सरकार ने पांच साल से अधिक समय में शासन, नेतृत्व और विकास के बारे मेंकुछ नहीं किया है।'' सपा और रालोद में शामिल होने के लिए मंत्रियों, विधायकों और नेताओं के भाजपा छोड़ने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि टिकट चाहने वाले, मौजूदा विधायक और राजनीतिक रूप से महत्व रखने वाले लोगों का गठबंधन में शामिल होना जमीनी स्तर पर मिल रहे समर्थन का संकेत है। चुनावों में ध्रुवीकरण और इससे निपटने की उनकी योजना के बारे में पूछे जाने पर चौधरी ने कहा कि लोग इससे निपट लेंगे, क्योंकि मतदाता बहुत समझदार होते हैं। उन्होंने कहा, ''हां, हाल के दिनों में राज्य में विघटनकारी, दिल को दहला देने वाली कई घटनाएं हुई हैं... लोगों को ठगे जाने का एहसास हुआ है... तथ्य यह है कि दंगे किसी की मदद नहीं करते हैं, इसलिए मुझे लगता है कि लोग नफरत और समाज में घोले जा रहे जहर से दूर रहना चाहते हैं।'' चौधरी ने कहा, ''उदाहरण के लिए अगर आप ध्यान दें तो मथुरा में 'मंदिर' के मुद्दे को जगाने के प्रयासों का जमीनी स्तर पर कोई असर नहीं हुआ और इसके समर्थन में दस लोग भी सड़कों पर नहीं उतरे।'' किसानों की स्थिति में नहीं हुआ सुधार : उन्होंने कहा कि यह एक संकेत है कि लोग ध्रुवीकरण की राजनीति से तंग आ चुके हैं और 'मंदिर' और मुस्लिम विरोधी बयानबाजी के मुद्दे काम नहीं आएंगे। चौधरी ने भाजपा पर चुनावों के लिए ध्रुवीकरण का आरोप लगाते हुए कहा, ''यह एक गियर वाली कार है जिसे वे चला रहे हैं और यह उन्हें पीछे की ओर ले जा रही है।'' रालोद प्रमुख ने कहा कि चुनावों के प्रमुख मुद्दों में किसानों का संकट शामिल होगा। उन्होंने कहा, ''किसान आज इस तथ्य से बहुत परेशान हैं कि उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ है।

# टीकाकरण कार्य का जायजा लेने पीएचसी विशेश्वरगंज पहुँचे डीएम व एसएसपी

बहराइच। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र विशेश्वरगंज का निरीक्षण कर सभी लक्षित वर्ग के कोविड टीकाकरण कार्य की समीक्षा करने पर पाया कि प्रथम डोज में राष्ट्रीय औसत से अधिक 97.6 प्रतिशत एवं राज्य औसत से अधिक द्वितीय डोज 71.8 प्रतिशत की उपलब्धि पाये जाने पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आहवान किया 16 जनवरी 2022 को जनपद में संचालित होने वाले मेगा ड्राइव के माध्यम से टीकाकरण में शत–प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करने का प्रयास करें। डीएम डॉ. चन्द्र ने डॉ. उत्कर्ष मिश्रा को निर्देश दिया कि 16 जनवरी 2022 को संचालित होने वाले मेगा ड्राइव के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करे ताकि सभी लक्षित विशेषकर 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के शत–प्रतिशत किशोर–किशोरियों के टीकाकरण का कार्य पूर्ण हो सके। डीएम डॉ. चन्द्र ने यह भी निर्देश दिया कि जो ग्राम पंचायत शत–प्रतिशत आच्छादित हो जायें वहाँ पर इस आशय का सूचना पट्ट स्थापित किया जाय कि इस ग्राम पंचायत ने शत–प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि तीसरी लहर के दृष्टिगत सुरक्षात्मक प्रोटोकाल, मास्क वीविंग, सोशल डिस्टेंसिंग, हाथों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने हेतु लोगों को जागरूक किया जाय।

पीएचसी विशेश्वरगंज के निरीक्षण के उपरान्त डीएम डॉ. चन्द्र ने एसएसपी श्री चौधरी के साथ मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय बनकटा एवं ग्राम खानपुर मल्लौह का निरीक्षण कर विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 अन्तर्गत मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं, कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा कोविड टीकाकरण विशेषकर 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोर–किशोरियों के टीकाकरण कार्य का जायजा लिया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने आमजन विशेषकर 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोर–किशोरियों से संवाद कर टीकाकरण के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए युवा वर्ग का आहवान किया कि कोरोना की तीसरी लहर से बचाव के लिए टीकाकरण कराये जाने की अपील की।

डीएम ने लोगों से कोविड–19 के सुरक्षात्मक प्रोटोकाल का कड़ाई के साथ पालन करने की अपील करते हुए कहा कि टीकाकरण अवश्यक करायें, मास्क पहनकर ही बाहर निकलें, सामाजिक दूरी का पालन करें तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। आसन्न विधानसभा सामान्य निर्वाचन के मद्देनजर डीएम व एसएसपी ने लोगों से अपील की कि निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। मतदान के एवज में किसी प्रकार के लालच व प्रलोभन में न आयें। डीएम व एसएसपी ने कहा कि मतदाताओं को डराने–धमकाने, प्रलोभन, शराब, पैसे का लालच देकर निर्वाचन की शुचिता को प्रभावित करने तथा निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया में बाधा डालने वालों से जिला प्रशासन पूरी सख्ती के साथ निपटेगा।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु पी.सी.एस. अमन देओल, नोडल अधिकारी जिला गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार मौर्य, प्रभारी चिकित्साधिकारी पयागपुर डॉ. संदीप मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी उकामान्त पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# जीआरपी गोण्डा ने किया एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार

गोंडा पुलिस अधीक्षक रेलवे गोरखपुर डा0 अवधेश सिंह द्वारा लूटेरो व चोरो की गिरफ्तारी अज्ञात मे पंजीकृत अभियोगो के अनावरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पलिस अधीक्षक श्रीमती रचना मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र प्रताप चतर्वेदी धाना जीआरपी गोण्डा के नेतृत्व में थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा धाना जीआरपी गोण्डा पर पंजीकृत मु0अ0स0–19ध्21 धारा 380 भा0दवि0 थाना जीआरपी गोण्डा व मु0अ0स0 25ध्21 धारा 380 भा0द0वि0 धाना जीआरपी बस्ती का सफल अनावरण करते हुये, चोरी गयी सम्पत्ति बरामद करते हुये उपरोक्त अभियोगो से सम्बन्धित अभियुक्त को कोविड–19 के दृष्टिगत शासन द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करते हुये दिनांक–15.01.2022 को समय 05.20 बजे रेलवे स्टेशन तुलसीपुर के प्लेटफार्म न0– 1 से गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे मा0 न्यायालय मे प्रस्तुत किया जायेगा। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम इरफान अली पुत्र अफसर अली उर्फ अनवर अली निवासी गदरहवा थाना को0 नगर जनपद गोण्डा है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि दिनांक 11.08.2021 को मै ट्रेन गोरखपुर मैलानी एक्स0 के कोच में एक महिला सोती हयी दिखायी दी जिसके बगल में हैण्ड बैग पडा था वह हैण्ड बैग चुराकर मै ट्रेन से उतर कर चला गया। उस बैग मे एक मोबाइल व कुछ पैसे मिले जिसमे पैसे मैने खाने पीने मे खर्च कर दिये और चोरी का मोबाइल मैने अपने दोस्त महेश कमार विश्वकर्मा पुत्र श्यामलाल निवासी स्टेशन रोड बड़गाव(साहबगंज) थाना को0 नगर जनपद गोण्डा को बेचने के लिये दे दिया था वह चोरी की मोबाइल महेश के ही पास है। और यह भी बताया कि दिनांक 07.12.2021 ट्रेन ओखा एक्स0 में एक महिला का पर्स चुराया जिसमे 15000–16000 रूपया व आधार कार्ड की फोटो कापी व कुछ अन्य कागजात मिले थे पर्श व कागजात को मैने चलती ट्रेन से ही फेंक दिया था। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

# निर्वाचन व्यय के अनुवीक्षण के लिए वस्तुओं के किराये की दरें हुई निर्धारित

बहराइच। विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 चुनाव खर्च में वस्तुओं की किराये की दर का निर्धारण कर दिया गया है। चुनावी खर्च पर हुए व्यय का आगणन करने के लिए जिला स्तर पर तैयार की गयी दर सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्षध्मंत्री को प्रेषित भी कर दी गयी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज ने तैयार सूची का विवरण देते हुए बताया कि टीन शेड कम्पलीट (बल्ली फ्रेम पर) रू. 8ध्वर्ग फुट, टीन इनक्लोजर रू. 2.50ध्वर्ग फुट, बैरियर साधारण रू. 125ध्नग, बैरियर जिकजैक रू. 80ध्प्रतिनग, बैरिकेटिंग (3 बल्ली) रू. 14ध्रनिंग मी., बैरिकेटिंग (4 बल्ली) रू. 16ध्रनिंग मी., बैरिकेटिंग (2 बल्ली) रू. 6.60ध्रनिंग मी., बैरिकेटिंग (5 बल्ली) रू. 15ध्रनिंग मी., मचानबल्लीपर रू. 900ध्नग, पण्डाल मय परदा, मैटिंग कम्पलीट(1515फुट) रू. 2.50ध्वर्ग फुट व (3030फुट) का दर रू. 2.75ध्वर्ग फुट, वाटर प्रूफ पण्डाल मय परदा तथा मैटिंग कम्पलीट (1515फुट) रू. 3.50ध्वर्ग फुट व (3030फुट) का दर रू. 4.50ध्वर्ग फुट निर्धारित है। कुर्सी सादी रू. 3.50ध्अद्द, कुर्सी फैन्सी रू. 4.50ध्अद्द, वाशबेसिन रू. 18ध्नग, सोफा सेट मय सेन्टर टेबिल रू. 350ध्नग, डायस रू. 6ध्नग, दरी रू 8ध्नग, जेटमैट रू 30ध्वर्ग फुट, कनात रू 30ध्वर्ग फुट, मेज मय मेजपोश व मेजबार्डर सहित कम्पलीट रू. 15ध्नग, पेजपोश 66फुट रू. 7.50ध्वर्गफुट, जग रू. 0.30ध्नग, गिलास कॉच का पानी हेतु (छः अदद मय छीका) रू. 8ध्नग, बाल्टी रू. 1ध्नग, ट्रे रू. 0.50ध्नग, ड्रम रू. 10ध्नग, तख्त रू. 15ध्नग, नाद रू. 10ध्नग, टिन टॉयलेट रू. 80ध्नग, लोहे की जाली (बरफी) (चौड़ाई 04 फिट) रू. 8ध्वर्ग फुट, माईकसेट तार व केबिल सहित कम्पलीट रू. 90ध्नग, अतिरिक्त हार्न रू. 30ध्नग, लाइन माइक हेतु तार रनिंग मीटर रू. 6ध्रनिंग मी., टीन की बाउण्ड्री उँचाई 8 फिट रू. 50ध्प्रति रनिंग मीटर , पानीजार रू. 25ध्नग, पानी पीने का मोटे कागज का डिस्पोजल ग्लास रू. 50ध्सैकड़ा, त्रिपाल 1218 वर्ग फिट रू. 75ध्नग, 40 बोरी का बालू मोर्चा रू .490ध्नग तथा सेन्टर माईक सिस्टम कार्डलेस माईक तार सहित रू. 305ध्नग निर्धारित है।

लाउडस्पीकर सेट एम्प्लीफायर, तार माईक सहित कम्पलीट रू. 200ध्नग, पेट्रोमैक्स गैस सिहत रू. 100ध्नग, इमरजेन्सी लाईट रू. 20ध्नग, बल्ब 100 व 200 वाट रू. 5ध्नग, हाइलोजन रू. 15ध्नग, सोडियमलाइट रू. 20ध्नग, ट्यूबलाईट रू. 10ध्नग, कूलर रू. 50ध्नग, पैडिस्टलफैन रू. 25ध्नग, सीलिंग फैन रू. 40ध्नग, एक्सटेंशन बोर्ड मय फ्यूजस्वीच तार सहित रू. 15ध्नग, मेनलाइन मोटी केबिल रू. 12ध्प्रतिदिन रनिंग मीटर, जनरेटर 40 किलोवाट रू. 1100, 05 किलोवाट रू. 500, 60 किलोवाट रू. 2000 व 7.5 किलोवाट रू. 600ध्नग प्रतिदिन, वेटर (सर्विस मैन) मजदूर रू. 350ध्व्यक्ति, बर्फ सिल्ली रू. 200ध्नग, फर्श मैटिंग रू. 2.00ध्वर्गफुट, पर्दा 1218 वर्गफुट रू. 25ध्नग, वारपाई रू. 15ध्नग, गद्दा रू. 15ध्नग, चादर व तकिया रू. 8ध्नग, मेनबोर्ड रू. 210ध्नग, विण्डो ए.सी. 1.5टन केबिल, स्टेपलाईजर व फिटिंग सहित रू. 500ध्नग तथा 2.0 टन क्षमता के लिए रू. 600ध्नग, हैलीपैड बिना ईट सोलिंग रू. 10000ध्अद्द व (20मी.20मी.) (ईट सोलिंग वाला जिसमें ईट की लाग की मात्रा 35 प्रतिशत हैलीपैड की लागत में शामिल की गयी है, क्योकि इन ईटों का पुनः प्रयोग अन्य कार्यों में किया जा सकता है) रू. 80000ध्नग निर्धारित है।

हैण्डबिल 52 जी.एस.एम. शीट पर (1822 इंच) 1ध्8 सिंगल कलर के लिए रू. 325ध्हजार, (1822इंच) 1ध्8 फोर कलर के लिए रू. 980ध्चार हजार, 1ध्10 सिंगल कलर के लिए रू. 300ध्हजार व 1ध्10 फोर कलर के लिए रू. 900ध्हजार, झण्डा रंगीन (058 इंच) रू. 14ध्अद्द व (1015इंच) रू. 23ध्अद्द, बिल्ले प्लास्टिक रू. 900ध्हजार, स्टीकर 5.59 एक कलर रू. 2.25ध्नग, होर्डिंग्स (2010फीट) लकड़ी के फ्रेम के लिए रू. 3000 व लोहे के फ्रेम के लिए रू. 5600ध्अद्द, बैनर फलैक्स (123फुट), (93फीट) के लिए रू. 10ध्फुट, बैनर कपड़ा (030.50 मी.) रू. 300ध्पीस, फ्री साइज टोपी काटन रू. 20, गमछा रू. 100 दर निर्धारित है। इसी प्रकार प्लास्टिक के झण्डे रू. 15ध्नग, कटआउट लकड़ी (63 फीट) रू. 270ध्अदद, ए–4 साइज के कागज पर छपाई रू. 200ध्हजार, बड़े पोस्टर (1822इंच) रंगीन रू. 5.70ध्नग, लड्डू रू. 7ध्पीस, समोसा रू. 8ध्नग, चाय रू. 7ध्नग व कॉफी रू. 12ध्नग, लंच पैकेट सामान्य रू. 40ध्नग व विशिष्ट का रू. 100 प्रति थाल, नान वेज बिरयानी हाफ प्लेट रू. 60 व वेज के एक पैकेट का दर रू. 60 निर्धारित किया गया है। रजाई रू. 20ध्अद्द, जीप तेल सहित रू. 925ध्अद्द, टेम्पों मय तेल 500ध्अद्द, टाटा सूमो, क्वालिस, स्कार्पियों नान ए.सी. के लिए रू. 1424ध्अद्द, मोटर साईकिल मय पेट्रोल सहित रू. 400ध्अद्द, बस 46 सीट से अधिक के लिए रू.1482ध्अद्द व 35 से 40सीट तक के लिए रू. 1263ध्अद्द, ट्रेक्टर मय तेल के लिए रू. 393ध्अद्द, वाहन चालक का पारिश्रमिक रू. 500ध्दिन, मोटे कागज के ग्लास (पेप्सी) रू. 90ध्सैकड़ा तथा वाटर कूलर रू. 200ध्नग प्रति दिन निर्धारित है।

# सामाजिक समरसता भोज आयोजित...

गोंडा मकर संक्रांति के अवसर पर लक्ष्य फाउंडेशन के बैनर तले सामाजिक समरसता भोज का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ो लोगों को खिचड़ी का प्रसाद खिलाया गया। रोडवेज बस स्टॉप के समीप आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों सहित तमाम यात्रियों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कृष्ण बिहारी गुप्ता उर्फ बबलू, जगदम्बा प्रसाद, विकास यादव, जितेंद्र पांडे हलचल, शशिधर दुबे, दिलीप मिश्र, रूप गुप्ता, अरुण मिश्र, जितेंद्र गुप्ता, शिवम गुप्ता,राकेश श्रीवास्तव, शक्ति गुप्ता,जितेंद्र,बंटूगुप्त, सहित लक्ष्य फाउंडेशन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला चिकित्सालय के प्रधान लिपिक,के पिता का हुआ देहांत, शोक सभा का हुआ आयोजन

गोंडा जिला चिकित्सालय में तैनात प्रधान लिपिक पेशकार शुक्ला के पिता का सायं लंबी बीमारी के बाद देहांत हो गया, वह 96 वर्ष के थे। प्रधान लिपिक पेशकार शुक्ला के पिता राम मुनेश्वर शुक्ला अपने पैतृक गांव मिर्चिहा पयाग पुर में रहते थे।वह पिछले करीब तीन माह से बीमार चल रहे थे की कल सायं करीब 4 बजे उनका देहांत हो गया।चिकित्सालय में इसकी सूचना मिलने पर सुबह कोविड–19 के नियमों का पालन करते हुए एक शोक सभा का आयोजन चिकित्सालय में किया गया।जहां 2 मिनट का मौन धारण कर मृतक के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। शोक सभा मे प्रमुख अधीक्षक डॉक्टर एस के रावत,वरिष्ठ लिपिक विजय श्रीवास्तव,प्रेम कुमार चीफ फार्मासिस्ट डॉक्टर जियाउर्रहमान,डॉक्टर दीपक,डॉक्टर पी एन रॉय,डॉक्टर पी के श्रीवास्तव ,डॉक्टर विकाश शेट्टी, डॉक्टर सोएब इकबाल,डॉक्टर अखिलेश त्रिपाठी, डॉक्टर वी के गुप्ता,मैटर्न दिनेश कुमार मिश्रा,डॉक्टर अरुण मिश्रा,समस्त फार्मासिस्ट स्टाफ व फोर्थ क्लास कर्मचारी संघ अध्यक्ष सतीश कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## मीडिया प्रमाणीकरण व अनुश्रवण समिति के कक्ष का लिया जायजा

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार के निर्देशन में आज कलेक्ट्रेट स्थित सी0आर0ए0 सेक्सन में मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति के स्थापित कक्ष में इंटरनेट युक्त एलईडीध्टी0वी0 आदि की व्यवस्था की गयी, जिसका निरीक्षण अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर उप निदेशक सूचना डा0 मुरली धर सिंह, कलेक्ट्रेट के वाजिरन बहादुर सिंह, सूचना विभाग के सूचना अधिकारीध्लेखाकार अवधेश कुमार जायसवाल अन्य मौके पर तैनात कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इसकी स्थापना पैड न्यूज की जांच के लिए की गयी है जहां पर दो–दो कर्मचारी तैनात किये गये है तथा इस माह के अंतिम सप्ताह से चार–चार कर्मचारी लगाये जायेंगे जो पांचों विधान सभा क्षेत्रों के पैड न्यूज पर कड़ी नजर रखेंगे तथा उसकी सूचना जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारीधनिर्वाचन आयोग को सूचना प्रेषित करेंगे। इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा 12 जनवरी 2022 को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किया जायेगा।

# निरीक्षण में मिली खामियों पर भड़के डीएम, अभियंताओं को फटकार

## बगैर सूचना बाहर गए एक्सईएन के वेतन में एक दिन की कटौती का आदेश

अयोध्या। विकास कार्यों के निरीक्षण में मिली खामियों पर डीएम नीतीश कुमार अभियंताओं पर खफा हो गए। अवर अभियंताओं को फटकार लगाते हुए बगैर सूचना मुख्यालय से बाहर गए एक्सईएन का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया है। मामला गुप्तार घाट पार्क में हो रहे इंटरलॉकिंग कार्य से जुड़ा था। निरीक्षण में पहुंचे डीएम को कार्य मानक के अनुरूप नहीं मिला। न ही इस्टीमेट की कॉपी उपलब्ध कराई जा सकी। जिससे गुस्साए डीएम ने जेई अजय कुमार व राजेश प्रताप सिंह को फटकार लगाई। वहीं बिना सूचना के मुख्यालय से बाहर गए एक्सईएन सरयू नहर खंड जय सिंह का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। निरीक्षण में सहायक अभियंता संजय शुक्ला के अनुपस्थित पाए जाने पर पारा और चढ़ गया। डीएम ने गुप्तारघाट व उसके पास निर्माणाधीन पार्क में किये जा रहे इंटरलाकिंग व अन्य कार्यो का भी जायजा लिया। शेष कार्य को भी शीघ्रातिशीघ्र कराने को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। गुप्तारघाट के बगल सिंचाई विभाग की ओर से बनाए जा रहे पार्क में पहुंचे डीएम को सब कुछ अमानक दिखा। जिसके लिए इस्टीमेट कापी मांगी। उपलब्ध न कराने पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी दी तथा भविष्य में सभी वर्किंग साइटों पर अनिवार्य रूप से इस्टीमेट की कापी रखने के साथ ही संबंधित जेईध्एई को मौके पर नियमित रहकर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से कार्य कराने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा इंटरलाकिंग ईट को सैम्पल भी जांच के लिए एकत्रित कराया गया। डीएम ने कहा कि कार्यो की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नही किया जायेगा। संबंधित जेई व एई अपने–अपने साइटों पर नियमित रूप से रहकर स्टीमेट के मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें। समय–समय पर संबंधित एक्सईएन भी कार्यो का निरीक्षण करें। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर संबंधित पर कड़ी कार्रवाई तथा रिकवरी कराई जाएगी। उन्होंने गुप्तारघाट व पार्क को आकर्षक दृश्य देने, अच्छी गुणवत्ता की रंग बिरंगे ब्रिक्स का प्रयोग कर सम्पूर्ण क्षेत्र को मनोहारी बनाने के निर्देश दिए।

## विद्युत सखियों को विधुत बिल भुगतान की दी गई जानकारी

गोंडा। मुजेहना विकासखंड परिसर मैं महिला स्वयं सहायता समूह की दर्जनों महिलाओं को बीएमएम विवेक मिश्रा सहित मनकापुर से शिवम सिंह व अन्य विद्युत विभाग के लोगों द्वारा विद्युत सखी में चयनित महिलाओं को विद्युत बिल के भुगतान करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई । बीएमएम ने बताया कि सभी विद्युत सखियों को एन आर एल एम द्वारा विधुत की एक एप्प बनाया गया है जिसके वॉलेट में रूपए 30000 डालने हैं जिससे वह इस पैसे का प्रयोग विद्युत बिल भुगतान करने में कर सकेंगी । यह पैसा विद्युत सखी को उनके समूह द्वारा सीआईएफ के मद से दिया जाएगा इस दौरान विद्युत सखी साधना, स्नेह लता, सुधा सिंह, नीलम गुप्ता, सरोज, खुशबू देवी , अंजली देवी, रूबी तिवारी, ममता देवी, नंदनी मिश्रा, रीता देवी, किरण देवी, सपना सिंह, सविता देवी, कुसुम गुप्ता, मालती देवी, सहित आदि विद्युत सखी उपस्थित रही।

## मकर संक्रांति पर हुई भव्य सरयू आरती

सोहावल। राम नगरी की तर्ज पर सोहावल के ढेमवा घाट में हर वर्ष पवित्र माँ सरयू की आरती और पूजन की शुरुआत नव गठित संस्था अमृत आश्रम ने किया। जंहा बड़ी संख्या में भक्तो ने हिस्सा लिकर अपने को पुण्य का भागी बनाया। मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित किए गए इस कार्यक्रम को लेकर सुबह से सरयू तट पर लोगो का जमावड़ा रहा। दिन भर स्नान ध्यान और पूजन करने वालो की लाइन लगी रही। मकर राशि मे सूर्य के पदार्पण से मनाये जाने वाले इस त्योहार को लेकर सुबह से शाम तक लोगो की उत्सुकता रही और लाभकारी माने जाने वाले इस पर्ब में आये लोगो ने सरयू की पूजा अर्चना में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण कर अपने को पुण्य का भागी बनाया। अमित गुप्ता पुष्पेंद्र पाण्डेय और जे बी एन के संस्था से जुड़े लोगों सहित मौजूद लोगों में पंडित राम प्रवेश शैलेन्द्र दूबे श्रीकांत शास्त्री ज्ञान स्वरूप सिंह डॉ0 विवेक सिंह राम शंकर दूबे कमलेश पाण्डेय आदि शामिल रहे।

## सामाजिक सेवा भाव संस्था को अर्चना तिवारी ने किया सम्मानित

सोहावल–अयोध्या ।भारतीय जन सहाय संगठन की संस्थापक एवं समाज सेविका अर्चना तिवारी द्वारा जिले के संघर्षशील,प्रतिभाशाली सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर योगदान देने वाली संस्था सामाजिक सेवा भाव संस्थान को भारतीय जन सहाय सेवा वीरता योद्धा रत्न से सम्मानित किया। संगठन के अध्यक्ष शुभम रुद्र ने कहा कि यह सम्मान उन सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित है जो तन मन धन से सदैव जरूरतमंदों के सेवा के लिए तत्पर तैयार रहते है। इस समारोह में शशांक साहू,दीपिका सैनी,राजेश चौबे,आकाश गुप्त आदि मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने लगाई सरयू नदी में डुबकी

अयोध्या। मकर संक्रांति के अवसर पर रामनगरी अयोध्या में श्रद्धालुओं ने पावन सलिला सरयू नदी में में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। कोविड प्रोटोकोल का पालन करते हुए श्रद्धालु घाटों पर पहुंचे और स्नान के बाद दान भी दिया। वहीं राम जन्मभूमि में प्रभु श्रीराम को खिचड़ी, पूड़ी–सब्जी व तिल के लड्डुओं का भोग लगाया गया। हिंदुओं के पवित्र पर्वों में मकर संक्राति महत्वपूर्ण पर्व है। इसलिए लोग गंगा के साथ सरयू नदी में भी स्नान करने के लिए भारी संख्या में अयोध्या पहुंचते हैं और अन्नदान भी करते है। ऐसी मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन राजा भागीरथी ने भगवान शिव को प्रसन्न कर मां गंगा को पृथ्वी पर अवतरित करवाया था। अयोध्या में सरयू के घाटों पर लोग भोर में ही पहुंचना शुरू हो गए थे। स्नान व दान करने के बाद अपने आराध्य प्रभु श्रीराम व बजरंगबली का भी दर्शन–पूजन किया। संतों का मानना हैं कि सभी भी तीर्थ यात्रा कर लेने के बाद यदि अयोध्या नहीं आते हैं तो सभी तीर्थयात्रा बेकार हैं। इस दौरान प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सरयू घाटों पर जल पुलिस लगाई थी। मठ–मंदिरों में भी धूम रही। कई जगहों पर पूजा पाठ के साथ खिचड़ी का भोज भी कराया गया। राम जन्मभूमि के मुख्य अर्चक सत्येंद्र दास ने बताया कि रामलला को खिचड़ी, पूड़ी सब्जी और तिल के लड्डुओं का भोग लगाया गया। वहीं दर्शन पूजन के लिए आए हुए श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया। अयोध्या के राजघाट स्थित रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के निवास के प्रांगण में मकर संक्रांति के पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन रामाय ट्रस्ट ऑफ इंडिया के अनूप चौधरी फाउंडेशन भारत की ओर से किया गया जिसमें आए हुए भक्तों को देसी घी की बनी हुई खिचड़ी पूड़ी सब्जी दही का वितरण किया गया प्रसाद खाकर भक्त बहुत खुश हुए वही राम जन्म भूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने अनूप चौधरी फाउंडेशन भारत को इस विशाल भंडारे का आयोजन करने पर आभार व्यक्त किया इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में संत महंत मौजूद रहे।

## नेपाल सीमा पर 151 ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

बहराइच। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम के सम्बन्ध मे चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अशोक कुमार व क्षेत्राधिकारी नानपारा जंग बहादुर यादव के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा प्रमोद कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में बीती रात वरिष्ठ उ0नि0 रुदल बहादुर सिंह मय पुलिस बल व एसएसबी बल के संयुक्त टीम के देखभाल क्षेत्र, तलाश संदिध व्यक्ति वस्तु व रोकथाम तस्करी व रात्रि गस्त के दौरान रेलवे स्टेशन के पास से अभियुक्त एजाज अहमद पुत्र निसार अहमद निवासी लहरपुर दा0 सहजना थाना रुपईडीहा बहराइत को 45 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार व स्मैक सप्लाई करने के कडी पूछताछ के क्रम मे उसके बताने अनुसार उसकी निशानदेही पर प्रभारी सर्विलांस निरीक्षक निखिल श्रीवास्तव व का0 नितिन अवस्थी के साहसिक प्रयास से संयुक्त टीम द्वारा मुख्य स्मैक सप्लाईकर्ता अभियुक्त नफीस पुत्र रईस निवासी मंसूरगंज के पास छावनी चौराहा से दरगाह वाली रोड पर 106 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0स0 25ध्2022 धारा 8ध्21 एन0डी0पी0एस0 एक्ट, मु0अ0स0 26ध्2022 धारा 8ध्21 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर दोनो अभियुक्तो को न्यायालय सदर रवाना किया गया।

# आचार संहिता की खूब उड़ रही हैं धज्जियां आला अधिकारियों के फ्लैग मार्च का नहीं दिखा असर

चन्दन कुमार श्रीवास्तव/
दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। आचार संहिता की खूब उड़ रही हैं धज्जियां आला अधिकारियों के फ्लैग मार्च का नहीं दिख रहा है असर, सिद्धार्थनगर में चुनाव आचार संहिता को लेकर तहसील प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से बाइक रैली निकालकर लोगों को आचार संहिता के नियम निर्देश की जानकारी दी लेकिन खुद ध्यान नही दे रही है। बाइक रैली थाना क्षेत्र के गणेशपुर चौराहे से निकाली गई। बाइक रैली गणेशपुर से होते हुए सिसवा चौराहा पहुंची और फिर वहां से रोमनदेई, झूलनीपुर होते हुए महमुदवाग्रांट होते हुए परिगवा, नकथर, छतहरी के रास्ते पुनः शोहरतगढ़ थाना आ गयी।बाइक रैली को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी हरिश्चंद्र ने कहा कि निर्वाचन आयोग एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ यशवीर सिंह के निर्देशन में बाइक रैली निकाली गई है ताकि सभी लोगों को जानकारी हो कि आचार संहिता का अनुपालन कैसे करना है। इस दौरान लोगों को आचार संहिता से संबंधित जानकारी भी दी गई है। विदित हो कि चुनाव आचार संहिता लगते ही प्रशासन एक्सन मूड में है, प्रत्याशियों के बोर्ड बैनर व वाल पेंटिंग को ढकने का भी कार्य किया जा रहा है।लेकिन शोहरतगढ़ सिसवा के बीच रोड पर स्थित पूर्व विधायक अमर सिंह चौधरी का फोटो लगा पार्टी का सांकेतिक बोर्ड किसी को दिखाई तक नहीं दिया। बाइक रैली में तहसील प्रशासन के उप जिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव, तहसीलदार धर्मवीर भारती के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी हरिश्चंद्र सहित इंस्पेक्टर वेद प्रकाश श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक रविकांत मणि त्रिपाठी, उपनिरीक्षक रामा प्रसाद यादव व स्थानीय पुलिस जवान मौजूद रहे।

- **आचार संहिता लागू होने के बावजूद भी अमर सिंह चौधरी का एनएच 730 पर दिख रहा है पोस्टर।**
- **रोड पर लगे पूर्व विधायक अमर चौधरी के बोर्ड पर नहीं पड़ी प्रशासन की नजर।**






## चुनाव को लेकर एसएसबी, पुलिस ने किया संयुक्त पैदल गस्त

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर। रविवार को विधानसभा चुनाव को लेकर कोतवाली क्षेत्र में शांति पूर्ण मतदान के लिये क्षेत्र वर्चस्व स्थापित करने हेतु एसएसबी 44वीं वाहनी एवं कपिलवस्तु पुलिस द्वारा पैदल गस्त कर क्षेत्र के लोगो मे सुरक्षा का एहसास दिलाया गया। एसएसबी की अगुवाई इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह मीणा व कोतवाली से प्रभारी भानू प्रताप सिंह ने किया। इनके द्वारा क्षेत्र के कस्बा अलीगढ़वा, नोनहवा,चौनपुर,पंडितपुर, बजहा बाजार,मोहना जोत आदि क्षेत्र का भ्रमण किया गया।इस दौरान एसएसबी वा पुलिस के जवान शामिल रहे।



## विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के फर्जी इस्तीफा वायरल पर केस दर्ज

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी एवं डुमरियागंज के विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के लेटर पैड पर शुक्रवार को सोशल मीडिया पर इस्तीफा से संबंधित चिट्ठी वायरल हुई थी। विधायक ने चिठ्ठी को फर्जी बताया था। शनिवार को हियुवा कार्यकर्ता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के महुआ खास निवासी पंकज पाण्डेय पुत्र हनुमान दास ने शनिवार को डुमरियागंज थानाध्यक्ष को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि डुमरियागंज के विधायक राघवेंद्र सिंह के खिलाफ कुछ अराजक एवं अवांछनीय तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर एक फर्जी पैड पर चिट्ठी वायरल की गई थी। इसमें विधायक के इस्तीफे की बात कही गई थी। जानकारी होने पर विधायक ने वायरल पत्र को फर्जी बताया। शिकायती पत्र में कहा गया है कि फर्जी पोस्ट से समस्त हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। हिंदू समाज के लोगों में काफी गुस्सा है। उन्होंने पुलिस से विधिक कार्रवाई की मांग की। डुमरियागंज के प्रभारी थानाध्यक्ष रमाकांत सरोज ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध धारा 505, 66 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस छानबीन कर रही है।

# शिक्षक समाज के पुरोधा स्मृतिशेष स्वर्गीय ओमप्रकाश शर्मा जी की प्रथम पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

### शिक्षकों के चरित्र ,आचरण और कार्य को आत्मसात करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि – डॉ हृदय नारायण मिश्र

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, 48 वर्षों तक शिक्षकों एवं कर्मचारियों की आवाज को विधान परिषद में पुरजोर ढंग से उठाने वाले, वेतन वितरण अधिनियम, कोषागार से पेंशन, चयन बोर्ड के गठन ,पंचम वेतनमान की संस्तुतियों को लागू कराने ,तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण समेत अनेकानेक आर्थिक उपलब्धियों के प्रमुख सूत्रधार स्वर्गीय ओमप्रकाश शर्मा जी की प्रथम पुण्यतिथि पर आज जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई सिद्धार्थनगर में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रामविलास यादव ने स्वर्गीय शर्मा जी के व्यक्तित्व, कृतित्व ,चरित्र एवं संघर्ष गाथा पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों कर्मचारियों से कहा कि स्वर्गीय शर्मा जी को सच्ची श्रद्धांजलि उनके पद चिन्हों का अनुकरण कर संघर्ष को आगे बढ़ाने से ही होगी । जिला मंत्री डॉ हृदय नारायण मिश्र ने कहा श्री शर्मा जी के द्वारा स्थापित किए गए शिक्षकों के चरित्र ,आचरण और कार्य को आत्मसात करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सभा को संबोधित करते हुए सदस्य राज्य परिषद संतोष कुमार दूबे और श्री शैलेन्द्र शर्मा जी ने यशकायी शर्मा जी की दूरदर्शिता और शिक्षक हितों के प्रति दृढ़ता का उल्लेख किया, इस मौके पर शिक्षक कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष अनिल सिंह एवं महामंत्री सुजीत कुमार जायसवाल जी ने आदरणीय लल्लन पाण्डेय और ओमप्रकाश शर्मा जी की जोड़ी को याद किया और उनके संयुक्त संघर्षों के संस्मरण भी सुनाए। विद्यालय के संस्थापक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव जी ने भी संबोधित किया, अंत मे सभा के आयोजक प्रधानाचार्य अंगद कुमार ने सबका आभार व्यक्त किया इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष राम निवास कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष हरेन्द्र बहादुर सिंह, सच्चिदानन्द शुक्ल, बैजनाथ चौरसिया, संयुक्त मंत्री शेष नारायण ओझा, ओंकार नाथ पाण्डेय, सदस्य कार्यकारिणी एवं प्रधानाचार्य राम पुकार यादव, डॉ रंजनी रंजन, डॉ श्रवण कुमार त्रिपाठी, मान सिंह, मुकुल कुमार, श्री वीरेंद्र गंगवार, रुपेश कुमार, समेत अनेक शिक्षक कर्मचारियों ने स्वर्गीय शर्मा जी के प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## शिविर लगाकर लोगो मे किया गया निःशुल्क दवा वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। रविवार को 43वीं वाहनी एसएसबी कैम्प अलीगढ़वा में डॉ आशीष बरनदास डीआईजी मेडिकल गोरखूपुर के नेतृत्व में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ, जिसमे सेवा बन्धुत को लेकर क्षेत्र के लोगो का स्वास्थ परीक्षण कर दवा वितरण किया गया,डीआईजी ने कहा देश के बॉर्डर पर दुश्मनों से लड़ने के साथ हमारे जवान सेवा बन्धुत के लिये समाज मे लगे रहते है कोविड संक्रमण के बढ़ते मरीजो को देखते हुए गोरखूपुर रेंज के तरफ से डॉक्टर की टीम लेकर अलीगढ़वा पहुचे,कोविड को लेकर क्षेत्रवासियों को आगाह किया जा रहा है कि नियमो का पालन करें।दुष्प्रचार के तरफ ध्यान न दें,आत्मविश्वास रखें लक्षण होने पर डॉ से परामर्श करें,दवा खाएं स्वस्थ होंगे। शिविर में 150 मरीजो का परीक्षण कर दवा वितरण किया जा चुका। इस दौरान कमांडेंट डॉ आई एच काजमी संयुक्त चिकित्सालय गोरखपुर,डॉ नरेश कुमार कमांडेंट मेडिकल, दंत चिकित्सक डॉ पीएच गायत्री देवी उप कमांडेंट मेडिकल ,प्रभारी कमाण्डेन्ट अमित सिंह,उप कमांडेंट मनोज कुमार, उप कमाण्डेन्ट पी एम मलंगा,बीओपी प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी,सहित सभी जवान उपस्थित रहे।



## साइकिल सवार मजदूर की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोल्हौरा। थाना क्षेत्र के बांसी–इटवा रोड पर बरावं मोड़ के पास शनिवार देर शाम हुए सड़क हादसे में साइकिल सवार मजदूर की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।गोल्हौरा थाना क्षेत्र के सेखुई गांव निवासी शिव प्रसाद (40) साइकिल से मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम अगया में शनिवार को मजदूरी करने गए थे। शाम को वह अपने घर लौट रहे थे। बरावं मोड़ पर घर जाने के लिए मुड़े, उसी समय वह वाहन की चपेट में आ गए। आसपास के लोग जब तक पहुंचे, तब तक दुर्घटना करने वाला चालक वाहन लेकर फरार हो गया।शिव प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ गोल्हौरा छत्रपाल सिंह ने बताया कि शिव प्रसाद के भांजे धर्मेंद्र ने तहरीर दी है।

## रैन बसेरा बनने से लोगो को रात में ठहरने को मिल रही है सुविधा

अनंत मिश्रा/दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार । नगर पंचायत उसका बाजार द्वारा रैन बसेरा बनने से रात को रुकने की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़






रहा है रेलवे स्टेशन से कुछ दूर एवं उसका ब्लॉक के ठीक बगल में रैन बसेरा बना हुआ है और अलाव की भी व्यवस्था की गई है जैसे कि जिन राहगीर को ज्यादा रात हो जाने पर लोग असमर्थ रहते है घर जाने के लिए तो रैन बसेरा में विश्राम करते है और सुबह होते ही वापस अपने घर के लिए रवाना हो जाते है रैन बसेरा में पानी की व्यवस्था घड़ी की व्यवस्था की गई है जिससे लोग समय भी देखा करे रैन बसेरा में एक महिला और पुरुष के लिए संपूर्ण व्यवस्था किया गया है वही नगर पंचायत उसका बाजार के अधिशाषी अधिकारी जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि रैन बसेरा सभी के लिए बनाया गया है किसी को अगर लेट हो जाता है तो लोग रैन बसेरा में रुक सकते है रुकने वालो के लिए किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता है पानी की व्यवस्था अलाव की भी व्यवस्था किया गया है ।

# बाइक रैली निकाल कर प्रशासन ने फैलाई जागरूकता

### बाइक रैली में एसडीएम, सीओ, तहसीलदार के साथ इंसपेक्टर भी रहे मौजूद।

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। चुनाव आचार संहिता को लेकर तहसील प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से बाइक रैली निकालकर लोगों को आचार संहिता के नियम निर्देश की जानकारी दी। बाइक रैली थाना क्षेत्र के गणेशपुर चौराहे से निकाली गई। बाइक रैली गणेशपुर से होते हुए सिसवा चौराहा पहुंची और फिर वहां से रोमनदेई, झूलनीपुर होते हुए महमुदवाग्रांट होते हुए परिगवा, नकथर, छतहरी के रास्ते पुनः शोहरतगढ़ थाना आ गयी।बाइक रैली को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी हरिश्चंद्र ने कहा कि निर्वाचन आयोग एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ यशवीर सिंह के निर्देशन में बाइक रैली निकाली गई है ताकि सभी लोगों को जानकारी हो कि आचार संहिता का अनुपालन कैसे करना है। इस दौरान लोगों को आचार संहिता से संबंधित जानकारी भी दी गई है।विदित हो कि चुनाव आचार संहिता लगते ही प्रशासन एक्सन मूड में है, प्रत्याशियों के बोर्ड बैनर व वाल पेंटिंग को ढकने का कार्य किया जा रहा किन्तु कही कही प्रशासन भी वाल पेन्टिंग को ढकने में चूक कर दे रही है, जिससे कही कही अचार संहिता का अनुपालन हो रहा है तो कही उसकी अनदेखी हो जा रही है।बाइक रैली में तहसील प्रशासन के उप जिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव, तहसीलदार धर्मवीर भारती के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी हरिश्चंद्र सहित इंस्पेक्टर वेद प्रकाश श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक रविकांत मणि त्रिपाठी, उपनिरीक्षक रामा प्रसाद यादव व स्थानीय पुलिस जवान मौजूद रहे।



## सिविल सिद्धार्थ बार में कल होगा बजरंगबली के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

### अध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह ने सभी को सपरिवार आने का किया अनुरोध

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन के प्रांगण में निर्मित बजरंगबली के मन्दिर में मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के लिए दिनांक 15.01.2022से प्रारंभ पूजन अर्चना व आवश्यक अनुष्ठान के क्रम में रविवार को प्राण प्रतिष्ठा के प्रमुख संस्कार जलाधिवास, अन्न अधिवास पुष्पाधिवास, फलाधिवास, वस्त्राधिवास,मिष्ठाधीवास, शैय्याधिवास आदि संस्कार पंडित योगेश्वरानंद मिश्र,विश्वनाथ मिश्र,सुबाष चन्द्र मिश्र द्वारा सम्पन्न कराया जा रहा है। दिनांक 17.01.2022को मूर्ति से पूर्व मंदिर भ्रमण के बाद प्राण प्रतिष्ठा के साथ बजरंगबली का मंदिर अपने मूर्त रूप में आ जायेगा। इस शुभ अवसर पर बार के अध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह, महामंत्री कृपाशंकर त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, पूर्व महामंत्री दिव्य प्रकाश शुक्ल, अजय कुमार पांडेय, अजय कांत मिश्र, सुदीप श्रीवास्तव, रामशंकर सिंह, राघवेन्द्र सिंह, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, अंगद गुप्ता,धर्मेंद्र सिंह, अनिल विश्वकर्मा, विनोद चतुर्वेदी, विजय सिंह, उदयशंकर मिश्र, सुरेश सिंह, संतोष मिश्रा, प्रभाकर मिश्र, देवानंद श्रीवास्तव,मनीष मणि त्रिपाठी, ध्रुवनारायण त्रिपाठी, श्रीकांत दूबे राकेश सिंह पूर्व अध्यक्ष टैक्स बार,विजयशंकर मणि त्रिपाठी आदि अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।



## कोविड गाइडलाइन के तहत होगा बांसी माघ मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। कोविड गाईड लाइन का पालन करते हुए माघ मेला का आयोजन किया जाएगा । यह जानकारी नपा अध्यक्ष मो इदरीश पटवारी ने शनिवार को जिम्मेदारों की बैठक में व्यक्त किया। नगर में राप्ती नदी के तट पर वर्ष 1954 से मौनी अमावस्या नहान पर्व पर एक माह का माघ मेला व प्रदर्शनी लगती है इसका आयोजन नगर पालिका बांसी करती है। नपा अध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की इस संबंध में जिलाधिकारी से वार्ता हुई है उन्होने कोविड गाईड लाइन व चुनाव आचार संहिता का पालन करने के साथ माघ मेला लगाने का मौखिक स्वीकृति दिया है।नपा अध्यक्ष ने कहा कि मेला का आयोजन 31 जनवरी से 2 मार्च तक किया जाएगा।उन्होने नपा के जिम्मेदार कर्मचारियों से माघ मेला मैदान की सफाई किए जाने, बिजली, पथ प्रकाश की व्यवस्था अविलंब किए जाने का निर्देश दिया। साथ ही मौनी अमावस्या नहान पर घाट पर बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया तथा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओ को किसी तरह की दुश्वारी न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाए। बैठक में वरिष्ठ लिपिक रविशंकर गुप्ता, जमील अहमद, गिरीश पाण्डे, सफाई प्रभारी रामचरण यादव, राजकुमार पाण्डे, रा जेश वर्मा, प्रमोद अग्रहरि ,इशरत जमील आदि उपस्थित थे।

## बांसी लाइफ केयर सेंटर जच्चा बच्चा केंद्र अस्पताल पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। बांसी के लाइफ केयर सेंटर जच्चा बच्चा केंद्र अस्पताल पर शुक्रवार की रात सात दिन के मासूम बच्चे की मौत पर परिवारीजनों ने जमकर हंगामा किया। परिवारीजनों का आरोप है कि बच्चे की जान डॉक्टरों की लापरवाही से गई है। शनिवार को पुलिस ने केस दर्ज कर बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बांसी कोतवाली क्षेत्र थुम्हवा बनकटा गांव निवासी अजीत निषाद पुत्र गंगाराम निषाद के सात दिन के बच्चे की तबीयत खराब हो गई थी। इलाज के लिए बांसी कस्बे में माधव बाबू पार्क के पास लाइफ केयर सेंटर जच्चा बच्चा केंद्र में शुक्रवार की शाम को भर्ती कराया था। परिवारीजनों का आरोप है कि बच्चे को भर्ती करते ही अस्पताल के लोग रुपया जमा कराने का दबाव बनाने लगे। किसी तरह ब्याज पर रुपया लाकर अस्पताल में जमा किया गया। रुपया जमा करने के बाद अस्पताल के लोगों ने कहा की बच्चे की हालत गंभीर है। इसे बस्ती या गोरखपुर तत्काल लेकर जाओ। परिवारीजनों का कहना है कि जब बच्चे को बाहर ले जाने को कहा गया इससे पहले बच्चे की मौत अस्पताल प्रशासन की लापरवाही से हो चुकी थी। बच्चे के मुंह से खून आ रहा था। इसके बाद अस्पताल पर हंगामा किया। शनिवार की सुबह बच्चे का शव लेकर परिवार के लोग कोतवाली पर आए और तहरीर दी। कोतवाल संजय कुमार मिश्र ने बताया की तहरीर के आधार पर लाइफ केयर सेंटर अस्पताल प्रशासन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# सम्पादकीय

**जाहिर है इसका असर देश की सकल घरेलू उत्पाद वृद्दिर पर पड़ेगा। कोरोना संकट के चलते सप्लाई चेन में अवरोध उत्पन्न हुआ है और लोगों की क्रय शक्ति बाधित होने का असर महंगाई पर पड़ा है। लेकिन सरकारों की ओर से जख्मों पर मरहम लगाने की कवायद होती नजर नहीं आ रही है। यही वजह है कि पिछले दिनों ...**

## मारक महंगाई

ऐसे वक्त में, जब देश की अर्थव्यवस्था कोरोना महामारी की दूसरी लहर से हुई क्षति से पूरी तरह उबर नहीं पायी है, तीसरी लहर की दस्तक के बीच महंगाई के आंकड़े परेशानी बढ़ाने वाले हैं। सबसे बड़ा संकट यह है कि करीब दो साल से जारी महामारी से कमोबेश हर व्यक्ति की आय के स्रोतों का संकुचन हुआ है। करोड़ों लोगों की नौकरियां गई हैं और लाखों के वेतन में कटौती हुई है। पर्यटन व सेवा क्षेत्र से जुड़े करोड़ों लोग दूसरी लहर की विदाई के बाद उम्मीद कर रहे थे कि अब अर्थव्यवस्था पटरी पर लौटने से स्थितियां सामान्य होंगी। लेकिन ज्यादा संक्रामक नये ओमीक्रोन वेरिएंट ने सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। बृहस्पतिवार को सांख्यिकी विभाग द्वारा जारी आंकड़े बताते हैं कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दर दिसंबर में पांच माह के सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। कोढ़ में खाज यह कि फैक्टरी उत्पादन में वृद्धि गिरकर नौ माह में सबसे कम रही है। निस्संदेह, यह ट्रेंड किसी भी आर्थिकी के लिये दोहरी मार की तरह है। एक ओर लोगों की आय का संकुचन और दूसरी ओर महंगाई की मार। हालांकि, अभी तीसरी लहर के आर्थिक प्रभावों का मूल्यांकन बाकी है, लेकिन ये आंकड़े केंद्र सरकार के लिये सचेतक हैं कि बजट पेश करने से पहले और बजट में अर्थव्यवस्था को गति देने हेतु कौन से कदम उठाये जाने हैं। साथ ही यह भी कि महंगाई से राहत देने के लिये कौन से उपाय किये जाने चाहिए, क्योंकि यह एक राजनीतिक मुद्दा भी है। हालांकि, कोरोना संकट के बीच महंगाई एक वैश्विक समस्या है और कई देशों में महंगाई से गृहयुद्ध जैसे हालात पैदा हो गये हैं, लेकिन फिर जनता को महसूस होना चाहिए कि महंगाई के दौर में सरकार की नीतियां संवेदनशील हैं। यह भी कि सरकार की ओर से जख्मों पर मरहम लगाने की कोशिश हुई। साथ ही यह सवाल भी कि सत्ता व विपक्ष में रहते हुए राजनीतिक दलों की महंगाई पर भाषा–परिभाषा बदल क्यों जाती है। दरअसल, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई दिसंबर में बढ़कर 5.59 प्रतिशत पहुंच गई। यह दर नवंबर में 4.91 प्रतिशत थी। मुख्य महंगाई क्रमवार तीसरे माह भी छह प्रतिशत से अधिक रही। उल्लेखनीय है कि इसमें खाद्य व ईंधन के परिवर्तनशील मूल्यों को शामिल नहीं किया जाता। दरअसल परिधान व फुटवियर और ईंधन के साधनों की मूल्यवृद्धि से खुदरा महंगाई ऊंचे स्तर पर पहुंची है। वहीं खाद्य महंगाई भी चार फीसदी से अधिक रही। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि तीसरी लहर के प्रभावों के बीच मौद्रिक समिति नियंत्रण के उपायों पर गंभीरता से विचार करेगी। निस्संदेह, नये कोरोना संकट के बीच पटरी पर लौटती देश की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी। ऐसे में देश की विकास दर के जो पूर्वानुमान केंद्रीय बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष द्वारा लगाये जा रहे थे, उसमें कटौती हो सकती है। यहां ध्यान रखना जरूरी है कि देश की आर्थिकी कोरोना की दूसरी लहर के प्रभावों से पूरी तरह मुक्त नहीं हो पायी है। उत्पादन व कुछ अन्य क्षेत्रों में प्रदर्शन महामारी से पहली वाली स्थिति में पहुंचने को था कि तीसरी लहर ने मुश्किलें खड़ी कर दीं। हालांकि देश का सेवा सेक्टर पूरी तरह से सामान्य नहीं हो पाया था। अब संक्रमण रोकने के लिये कई राज्यों में लगे प्रतिबंधों से फिर इस क्षेत्र को झटका लगेगा। खासकर उन क्षेत्रों में, जहां लोगों का सीधा जुड़ाव होता है। मसलन होटल उद्योग व अन्य व्यापारिक समूह, जो यातायात बाधित होने तथा सीधे संपर्क वाली सेवाओं में व्यवधान से काफी हद तक प्रभावित होंगे।

## कविता

### धीरे– धीरे

बना गाँव मेरा, नगर धीरे– धीरे,
बहुत कुछ है बदला, मगर धीरे– धीरे।।

न पहले सी मिट्टी, न अमृत सा पानी,
हवा में घुला है जहर धीरे – धीरे ।।

कड़ी धूप में कोई साया न मिलता,
कटे सब पुराने शजर धीरे – धीरे ।।

न सावन के झूले, न कजरी की तानें,
मोबाइल बना दर्द ए सर धीरे– धीरे ।।

कोई बे– गरज झुक के मिलता कहाँ अब,
बढ़ा यूँ सियासी असर धीरे– धीरे ।।

निकल आए जब नियाज हम गाँव से तो,
भुला दी पुरानी डगर धीरे – धीरे ।।



**सिद्धार्थनगर।**
**नियाज कपिलवस्तुवी/**
**दैनिक बुद्ध का संदेश**

## डब्ल्यूएचओ की चेतावनी को गंभीरता से लें

**क्या यह तर्कसंगत है कि अपनी कमाई से तो ये कुछ गरीब लोग शराब पी लें और इनका पेट भरने के लिए देश के लोगों के टैक्सों के पैसों से इन्हें मुफ्त में अनाज दिया जाए। भारत सरकार कानून बनाए कि जो लोग शराब पीते हैं उन्हें मुफ्त अनाज योजना से बाहर निकाल दिया जाए। वहीं चुनाव के दौरान कोई राजनीतिक पार्टी यह नहीं बताती कि चुनावों में मुफ्त शराब देने के लिए बजट की व्यवस्था कौन ...**

लक्ष्मीकांता चावला

भारत सरकार और विश्व के सभी देश विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफारिशों, सलाह और उसके द्वारा दी गई चेतावनी को बहुत गंभीरता से लेते हैं। कोई भी बीमारी या महामारी हो, इस संगठन की ओर ही पूरी दुनिया देखती है। लेकिन पर आश्चर्य है कि शराब पीने–पिलाने के काम में भारत सरकार और राज्य सरकारें चेतावनी को पूरी तरह अनसुना कर रही हैं। कितनी भयानक सच्चाई है कि वैश्विक तौर पर वर्ष 2016 में शराब से जुड़ी मौतों का आंकड़ा करीब तीस लाख था। यह सबसे बड़ा और नवीनतम आंकड़ा है। संगठन के अनुसार, बहुत अधिक शराब पीने से जो मौतें हुई हैं उनकी संख्या एड्स, हिंसा और सड़क हादसों में होने वाली मौतों को मिलाने से प्राप्त आंकड़ों से भी ज्यादा है। इस रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में हर साल होने वाली बीस में से एक मौत शराब की वजह से होती है।

डब्ल्यूएचओ के शराब और अवैध नशीले पदार्थों पर नजर रखने वाले प्रोग्राम की मैनेजर करिना फेरिएरा बार्जेस का कहना है कि दुनिया भर में हर साल शराब पीने वाले तीस लाख लोगों की मौत होती है। यूरोप में एक–तिहाई मौतें शराब पीने से होती हैं। कोरोना से मरे लोगों में अधिकतर शराब पीते थे। इसमें भी पुरुष ज्यादा हैं। एक अध्ययन के अनुसार, प्रति दस मृत संक्रमितों में से एक व्यक्ति शराब पीता था।

अपनी रिपोर्ट में डब्ल्यूएचओ ने कहा कि करीब 23 करोड़ सत्तर लाख पुरुष और चार करोड़ साठ लाख महिलाएं शराब से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रही हैं। भारत में शराब पीने वाले लोगों को चेताने का काम दिल्ली के एम्स के डाक्टरों ने किया। उनका कहना है कि महामारी में शराब पीने का असर रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है और संक्रमण का खतरा ज्यादा होता है।?

लेकिन अफसोस कि पंजाब, केरल और अन्य राज्य राजस्व के लिए लोगों की जान जोखिम में डाल शराब की अधिक दुकानें खोलने पर आमादा हैं। केवल भारत में ही 2018 में शराब पीने से 2 लाख साठ हजार लोगों की मौत हुई थी। इसीलिए एम्स के डाक्टरों तथा डब्ल्यूएचओ ने कहा था कि लोगों की सेहत का ध्यान रखते हुए लाकडाउन में शराब की दुकानों का बंद रहना जरूरी है।

एक तरफ तो यह जीवन की रक्षा के लिए चेतावनी वाली रिपोर्ट है, पर दूसरी ओर पंजाब सरकार और कांग्रेस के प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू ने तो कुछ सप्ताह पहले कहा कि पंजाब में शराब पीने–पिलाने का ऐसा प्रबंध करेंगे जिससे सत्तर हजार करोड़ रुपया वार्षिक कमाई हो सके। उनका यह कहना था कि आर्थिक समृद्धि से पंजाब सुखी होगा। लेकिन यह नहीं बताया कि शराब पीने से कितने लोग महामारी, बीमारी, मृत्यु का शिकार हो जाएंगे। कितनी हिंसा होगी, पारिवारिक क्लेश बढ़ेगा, परिवार टूटेंगे। माता–पिता में मतभेद से बचपन अनाथ हो जाएगा। लेकिन किसी ने नहीं कहा कि सिद्धू का शराब मॉडल हानिकारक और पंजाब के हित में नहीं है।

इस समय देश और दुनिया में बड़ी विकट स्थिति है। कोरोना महामारी बहुत तेजी से फैल रही है। भारत के पांच राज्यों में चुनाव है। शराब घातक होने की रिपोर्ट डब्ल्यूएचओ ने दी, पर सरकारों ने तो मुनाफे के लिये शराब पिलानी है। चुनाव के दिनों में राजनीतिक दल शराब बांटते हैं।

लोग बीमार हों, नशे की हालत में परिवारों में या समाज में अशांति फैलाएं, दुर्घटनाओं में मारे जाएं या कोरोना पीडिघ्त हों, राजनेताओं को तो वोट चाहिए। यह लोकतंत्र का दुर्भाग्य है कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाने वाली सरकारें इस वर्ष भी शराब की कोई कमी नहीं रखेंगी। उन्हें वोट चाहिए। कितना अच्छा हो अगर चुनाव आयोग शराब पीने–पिलाने वालों को चुनाव लडने से अयोग्य घोषित करे।

पिछले डेढ़ वर्ष से कोरोना महामारी के कारण गरीबी और अन्न–धन का अभाव झेल रहे भारतवासियों को राहत देने के लिए भारत सरकार मुफ्त अनाज बांटती है। यह सच है कि अनाज इतनी मात्रा में दिया जाता है कि कोई परिवार भूखा न रहे, लेकिन विडंबना यह है कि जिन परिवारों को गरीब होने के कारण अनाज दिया जाता है, उनमें एक बड़ी संख्या में शराब पीने वाले लोग भी हैं। देश के कुछ बुद्धिजीवी बड़े लंबे समय से यह आवाज उठा रहे थे कि जो लोग शराब स्वयं अपनी कमाई से खरीदकर पी सकते हैं वे अन्न क्यों नहीं खरीद सकते। क्या यह तर्कसंगत है कि अपनी कमाई से तो ये कुछ गरीब लोग शराब पी लें और इनका पेट भरने के लिए देश के लोगों के टैक्सों के पैसों से इन्हें मुफ्त में अनाज दिया जाए। भारत सरकार कानून बनाए कि जो लोग शराब पीते हैं उन्हें मुफ्त अनाज योजना से बाहर निकाल दिया जाए। वहीं चुनाव के दौरान कोई राजनीतिक पार्टी यह नहीं बताती कि चुनावों में मुफ्त शराब देने के लिए बजट की व्यवस्था कौन कर रहा है। चुनाव से पहले ही और महामारी की भयावहता के बीच यह जरूरी है कि शराब पीने वालों को नियंत्रित करने के लिए विशेष कदम उठाये जायें। इसका लाभ होगा कि कोरोना महामारी के दिनों में शराब न पीने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। बहुत अच्छा होगा कि डब्ल्यूएचओ के दिशा–निर्देशों पर चलते हुए शराब पीने–पिलाने और सरकारी गैर–सरकारी शराब की बिक्री पर रोक लगाई जाए।

## अवांछित एप्लीकेशंस पर कानून से अंकुश

**तकनीक और कानून के बीच सदा ही प्रतिस्पर्धा रही है और तकनीक अक्सर कानून से दस कदम आगे रहती है। इसलिए, अब जबकि मोबाइल तकनीक और एप्लीकेशंस ने अच्छी–खासी प्रौढ़ता प्राप्त कर ली है, तो ऐसे यथेष्ट कदम उठाना भी लाजिमी हो जाता है, जिससे कि अवांछित एप्लीकेशंस द्वारा पेश मौजूदा चुनौतियों से निपटने को भारतीय कानून के ढांचे में सुधार हो। इस किस्म की राह अपनाकर...**

पवन दुग्गल

बुल्ली बाई एप मामले में मोबाइल फोन पर उपलब्ध होने वाली सामग्री में न केवल महिलाओं बल्कि समुदाय विशेष को निशाना बनाकर पेश करने वाली करतूतों ने यथेष्ट लगाम लगाने की जरूरत को पुनरू रेखांकित किया है। इंटरनेट ने किसी दुनिया के एक हिस्से में बैठे रहकर दूसरे छोर के इंसानों तक पहुंच करने या किसी को निशाना बनाने की जुर्रत करने की सहूलियत इलेक्ट्रॉनिक सामग्री और मोबाइल एप्लीकेशंस के जरिए बना दी है।

मोबाइल एप्लीकेशंस आज के समय की जरूरत बन गई हैं, लगभग हर कोई इन पर निर्भर है। नित दिन नई–नई एप्लीकेशंस आती हैं, इस तथ्य से इंकार नहीं है कि इनका असर न केवल व्यक्ति की जिंदगी बल्कि उसकी सोच, व्यवहार या नजरिए पर भी काफी हो गया है। इसीलिए मोबाइल एप्लीकेशन बनाने वाले, किस क्षेत्र में मांग हो सकती है, इस पर लगातार नजर रखते हैं। शबुल्ली बाईय एप मध्ययुगीन मानसिकता का एक जाहिर रूप है– जब महिलाओं को बतौर निजी वस्तु की तरह खरीदा–बेचा जाता था।

आज, यह कहना कि ऑनलाइन नीलामी के जरिये कोई महिला एक वस्तु की भांति उपलब्ध है, वह विचार है जो आधुनिक सभ्यता के मूल्यों के नितांत खिलाफ है। हालांकि, तथ्य यह है कि इस तरह की सामग्री अभी भी किसी न किसी आनलाइन प्लेटफॉर्म पर होगी।

गौर करने लायक सवाल यह है कि भारत का कानून इस बाबत कहां खड़ा है? फिलहाल भारत के पास विशेष तौर पर मोबाइल एप्लीकेशंस को लेकर नीति नहीं है। भारत ने अमेरिका के राज्य कैलिफोर्निया से भी नहीं सीखा, जिसके पास इस विषय पर विस्तृत दिशा–निर्देश वाली नीति है कि एप्लीकेशन निर्माता किन जरूरी नियमों का पालन करके अपना एप बनाएं।

साइबर कानून के नाम पर भारत के पास ले–देकर इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी कानून–2000 है, जो इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से संबंधित हर दिशा–निर्देश की जननी है। वर्ष 2000 में जब यह कानून बना था तब मोबाइल फोन इसके अंतर्गत नहीं आते थे। लेकिन आईएटी (संशोधन) एक्ट 2008 में मोबाइल फोन समेत सभी प्रकार के संचार उपकरणों को इस कानून के दायरे में लाया गया।

हालांकि, इस आईटी कानून के प्रावधानों को भी गहराई से पढ़ें, तो इसमें अभी भी मोबाइल एप्लीकेशंस संबंधित कोई स्पष्ट नियम नहीं है। साफ है, कानून के अनुसार, एप्लीकेशंस बनाने वाले सभी निर्माता या तमाम एप्लीकेशन स्टोर, जहां सब एप्लीकेशंस उपलब्ध होती हैं, उन्हें इंटरनेट सेवा प्रदान करने वाले सेवा–बिचौलिए की तरह लिया जाता है। इसमें आगे, यह वह वैध इकाइयां हैं जो अन्य लोगों के निमित्त, विशेष इलेक्ट्रॉनिक रिकार्ड को प्राप्त–भण्डारण–संप्रेषित कर सकते हैं। हालांकि, सरकार के पास आईटी एक्ट के अनुच्छेद 87 में सेवा–बिचौलियों से यथेष्ट सावधानी बरतवाने संबंधी अनेक मापदंड लागू करवाने की शक्ति है, किंतु मोबाइल एप्लीकेशंस के संदर्भ में आज तक इसका इस्तेमाल नहीं हुआ। दरअसल, अब इस देश में तमाम सेवा–बिचौलियों को, यदि संबंधित कानूनन जिम्मेवारी में संवैधानिक छूट चाहिए, तो उन्हें केवल अनुच्छेद 79 के प्रावधानों के तहत अपने फर्ज को अंजाम देते समय यथेष्ट सावधानी रखना अनिवार्य है।

जहां केंद्र सरकार ने सेवा–बिचौलियों के लिए माकूल सावधानी बरतने संबंधी नियम–कानून बनाए हैं, वहीं मोबाइल एप्लीकेशंस और इनको होस्ट करने वाले एप्लीकेशन प्लेटफॉर्म्स के व्यवहार संबंधी अलग से नियम बनाने के बारे में विचार नहीं किया गया।

यहां तक कि इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (इंटर मीडिएट्री गाइड लाइंस एंड डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) रूल्स–2021 में भी मोबाइल एप्लीकेशंस के लिए अलग से दिशा–निर्देश नहीं हैं। अब तक हमने यही देखा है कि किसी अवांछित एप्लीकेशंस पर केंद्र सरकार की प्रतिक्रिया यही होती है कि आईटी एक्ट 69–ए के तहत प्राप्त शक्ति का प्रयोग कर उसको ब्लॉक करवा दे।


नतीजतन, पिछले सालों के दौरान सरकार ने कई मोबाइल एप्लीकेशंस को प्रतिबंधित किया है। हाल ही में कई चीनी एप्लीकेशंस को भारतीय डिजिटल अधिकार क्षेत्र में ब्लॉक किया गया है। लेकिन यह उपाय कभी भी जादुई गोली सिद्ध नहीं हुए, क्योंकि जैसे ही आपने इन्हें ब्लॉक किया वहीं उत्सुकतावश लोग इनकी ओर खिंचते हैं, परिणामस्वरूप इन प्रतिबंधित मोबाइल एप्लीकेशंस की ओर इंटरनेट ट्रैफिक और अधिक मुड़ जाता है। इसीलिए आपस में जुड़े मौजूदा विश्व में ऐसे प्रतिबंध कभी भी पूर्णरूपेण नहीं हो सकते। आप किसी एप्लीकेशन को भारतीय अधिकार क्षेत्र में ब्लॉक कर भी दें, फिर भी भारत के उपभोक्ताओं की इन तक पहुंच वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के जरिए बरकरार रहती है।

इसलिए इस किस्म की किसी मोबाइल सामग्री को प्रतिबंधित करने की बजाय मुल्कों को अवांछित सामग्री से निपटने को नूतन तरीका अपनाना पड़ेगा। भारत के संदर्भ में, देश के अधिकार क्षेत्र में मोबाइल एप्लीकेशंस पर नियंत्रण करने को एक अच्छा उपाय है, एक विस्तृत कानूनी ढांचा बनाना, साथ ही न्यूनतम मानदंड निर्धारण करना, जिनका पालन करना–करवाना प्रत्येक मोबाइल एप्लीकेशन निर्माता और इनको अपने प्लेटफॉर्म पर जगह देने वालों के लिए अनिवार्य हो।

उम्मीद है शबुल्ली बाईय और अन्य मामले सरकार को मोबाइल एप्लीकेशंस पर उपलब्ध सामग्री पर अंकुश रखने के लिए एक अलग से नया कानून बनाने के लिए उत्प्रेरित करेंगे। आगे, आम उपभोक्ताओं की समझ एवं जागृति का स्तर बढ़ाने को सरकार प्रचार अभियान चलाए ताकि वे अवांछित मोबाइल एप्लीकेशंस पर आने वाली सामग्री से बहकने न पाएं।

तकनीक और कानून के बीच सदा ही प्रतिस्पर्धा रही है और तकनीक अक्सर कानून से दस कदम आगे रहती है। इसलिए, अब जबकि मोबाइल तकनीक और एप्लीकेशंस ने अच्छी–खासी प्रौढ़ता प्राप्त कर ली है, तो ऐसे यथेष्ट कदम उठाना भी लाजिमी हो जाता है, जिससे कि अवांछित एप्लीकेशंस द्वारा पेश मौजूदा चुनौतियों से निपटने को भारतीय कानून के ढांचे में सुधार हो। इस किस्म की राह अपनाकर देश को एप्लीकेशंस और मोबाइल के अन्य उपयोगों से प्राप्त अवांछित सामग्री की संभावित उपलब्धता से बचाया जा सकता है।

लेखक साइबर कानून विशेषज्ञ हैं।



## तेज रफ्तार ट्रक ने छात्र को रौंदा, मृत्यु

देवरिया। कसया ढाले के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से . दोपहर लगभग एक बजे बाइक सवार चौथी कक्षा के छात्र की मृत्यु हो गई, जबकि बाइक चला रहा चचेरा भाई घायल हो गया। दोनों मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी लेकर बुआ के घर जा रहे थे। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सदर कोतवाली पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के घटैलागाजी गांव के लोहरौली टोला के रहने वाले अनिल विश्वकर्मा का 13 वर्षीय पुत्र नितेश विश्वकर्मा, चचेरे भाई अंगद विश्वकर्मा के साथ बुआ के घर खिचड़ी पहुंचाने गौरीबाजार जा रहा था। दोनों कसया ढाले के पास पहुंचे थे कि पशु आहार लेकर रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मार दी। बाइक पर पीछे बैठा नितेश सामान के साथ नीचे गिर गया। ट्रक रौंदता हुआ आगे निकल गया। बाइक चला रहो अंगद भी घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक खड़ाकर भाग निकला। आसपास के लोगों ने नितेश को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घायल अंगद का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया।

## हेलमेट पहनने से सुरक्षित रहे अंगद

देवरिया। बाइक चला रहे अंगद विश्वकर्मा ने बताया कि वह हेलमेट पहने था। बाइक से गिरने के बाद भी वह सुरक्षित रहे। उनके पैर में चोट आई हैं। यदि हेलमेट नहीं पहना होता तो गंभीर चोट लग सकती थी। चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमाः भटनी ।भरहेचौरा में नाली की सफाई को लेकर हुई मारपीट में चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा रजई प्रजापति की तहरीर पर दर्ज हुआ है। तहरीर में उन्होंने लिखा है कि नाली की सफाई के दौरान उन्हें व उनके परिवार के लोगों को पीटा गया। जिसमें प्रेमसागर का पैर टूट गया। पुलिस ने पिटू प्रजापति पुत्र रोहित, उर्मिला देवी पत्नी प्रेमचंद्र, सिटू प्रजापति पुत्र रोहित प्रजापति व रंभा देवी पत्नी रोहित प्रजापति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

## भूमि विवाद में पांच घायल, सात हिरासत में

करौंदी बाजार। बरियारपुर थानाक्षेत्र के ग्राम बैकुंठपुर के श्रीनगर टोला मे भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने मौके से सात लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार बैकुंठपुर के श्रीनगर उर्फ दर्जी टोला के रहने वाले परमहंस कुशवाहा अपनी भूमि पर स्वजन के साथ सफाई कर रहे थे। इसी बीच कुछ लोगों ने डंडे व धारदार हथियार से परमहंस पर हमला कर दिया। हमले में परमहंस कुशवाहा पुत्र राम सूचित, अनुज कुशवाहा पुत्र राम अशीष,मिश्री पुत्र सरवन,मुन्ना कुशवाहा पुत्र मिश्री व जितेंद्र पुत्र परमहंस घायल हो गए । स्वजन सभी घायलों को जिला अस्पताल देवरिया ले गए। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। परमहंस के भाई रामकुमार मौर्य ने बरियारपुर पुलिस को तहरीर दे कर न्याय की गुहार लगाई है । इस संबंध में बरियारपुर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने कहा कि भूमि विवाद में मारपीट हुई है। कुछ लोग घायल हैं। सात लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। विवाद को कुछ लोगों ने सांप्रदायिक बनाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस और गांव के लोगों के सूझबूझ से मामला शांत हो गया।

## छत से गिरी महिला की मृत्यु

(भटनी) देवरिया। मकान की छत पर सूखने के लिए कपड़ा डालने गई महिला की नीचे गिरने से मौत हो गई। महिला छत के किनारे कपड़ा पसार रही थी, इसी बीच छज्जा ढह गया। बिहार के गोपालगंज के सिधवलिया थानाक्षेत्र के लडौली गांव के रहने वाले ईश्वर वर्मा भटनी में फेरी लगाकर बर्तन बेचते हैं। नगर पंचायत के चूड़ागली मोहल्ला में पुराने डाकघर के पास किराये के मकान में परिवार के साथ रहते हैं। मकान जर्जर हो चुका है। उनकी पत्नी मीना देवी दिन में करीब 3.30 बजे छत पर कपड़ा डालने गईं थीं। कपड़ा पसारते समय अचानक छज्जा टूट गया और वह छज्जे के साथ नीचे गिर गईं। स्वजन उन्हें लेकर सीएचसी भटनी पहुंचे। वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। उनके दो पुत्र हैं।

## पुलिसकर्मियों ने दिखाई तत्परता, बच गई महिला की जान

महराजगंज। पारिवारिक कलह से जिद में आकर कोल्हुई थाना क्षेत्र के मोगलहा रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने की नियत से पहुंची महिला की पुलिस की तत्परता से जान बच गई। पुलिस ने महिला को समझा–बुझाकर उसके स्वजन को सौंप दिया है। चौनपुर निवासी अनीता के घर में पारिवारिक विवाद में मामला बढ़ गया। विवाद बढ़ने के बाद आक्रोशित हुई अनीता घर से आत्महत्या करने की धमकी देकर रेलवे ट्रैक की तरफ चली गई। महिला का पति इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देते हुए महिला के पीछे ही दौड़ पड़ा। सूचना मिलते ही पीआरवी पुलिस के उपनिरीक्षक प्रमोद दुबे मौके पर पहुंच गए। महिला ट्रैक पर लेटी हुई थी। काफी मशक्कत के बाद महिला को समझा–बुझाकर शांत किया। उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार दुबे ने बताया कि महिला को समझा–बुझाकर उसके स्वजन को सौंप दिया गया है। इस दौरान आरक्षी संतोष कुमार चौहान व रामवृक्ष मौजूद रहे।

## पुलिस ने बरामद किया बच्चा, पूछताछ के बाद आरोपित को छोड़ा

महराजगंज। नौतनवा थाना क्षेत्र के नगर पालिका में देर शाम चौकाने वाला मामला प्रकाश में आया है। जहां आठ वर्षीय एक बालक चार माह के बच्चे को उठाकर भाग निकला। लेकिन पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए दो घंटे में दोनों की बरामदगी कर ली। नगर पालिका गौतमबुद्ध नगर वार्ड निवासी कुसुम गिरी ने पुलिस को बताया कि उनका खाट पर बच्चा तीन–चार बच्चों के साथ था। थोड़ी देर में पड़ोस के एक व्यक्ति ने बताया कि उसके बेटे को नहर रोड से कोई लेकर जा रहा है। यह सुनते ही लोगों की भीड़ जुट गई। वह रोते बिलखते बच्चे को खोजने के लिए कुछ लोगों के साथ दौड़ते हुए निकली। भीड़ व शोर को सुनकर गश्त के दौरान नौतनवा थानेदार ने मामले की जानकारी ली। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि काफी तलाश के बाद छपवा बाईपास के पास चोरी गए बच्चे को बरामद कर लिया गया है। बच्चा चुराने वाला आठ वर्षीय बालक भी थाना क्षेत्र के ही बरवाभोज गांव का ही निवासी है। पूछताछ के बाद आरोपित को उसके स्वजन को सौंप दिया गया है। उसने बच्चे को क्यों चुराया, इसकी जांच की जाएगी।

## 84 बोरी मटर बरामद, एक गिरफ्तार

महराजगंज । भारत नेपाल सीमा पर स्थित एसएसबी बीओपी झुलनीपुर के जवानों ने नेपाल से पिकअप पर लाई जा रही विदेशी मटर बरामद किया। साथ ही पिकअप चालक को गिरफ्तार कर कस्टम को सुपुर्द कर दिया। कस्टम अधिक्षक रविन्द्र त्रिपाठी ने बीओपी झुलनीपुर उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर बताया कि नेपाल सीमा के स्तम्भ संख्या 501 रेंगहिया के पास गस्त के दौरान एक पिकअप को पकड़ा गया। जिसमें 60 बोरी विदेशी मटर पकड़ी गई। इसके साथ ही विशेष नाका पार्टी ने सीमा क्षेत्र में छिपा कर रखी गई 24 बोरी मटर बरामद किया। बरामद कुल 84 बोरी मटर, पिकअप व चालक रमेश कुमार निवासी निचलौल को कस्टम सुपुर्द कर दिया गया।

# बेहतर कार्य करने वाले ग्राम सचिवों को मिलेगी मनचाही तैनाती

देवरिया। गांवों के विकास को गति देने के लिए क्लस्टर के हिसाब से ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी की तैनाती होनी है। प्रशासन की ओर से पहल शुरू कर दी गई है। बेहतर कार्य करने वाले सचिवों को मनचाहे क्लस्टर में तैनाती की सुविधा मिलेगी। उनकी रैंकिग जिला मुख्यालय पर तैयार होने लगी है। विधानसभा चुनाव के बाद इनकी तैनाती की जाएगी। जिले में 1185 ग्राम पंचायतें है। इसमें 325 क्लस्टर बनाए गए हैं। ऐसे तो ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी की संख्या कम है। जिसके चलते कुछ ग्राम पंचायत अधिकारी आठ से दस गांव तो कुछ तीन से चार गांवों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

नई व्यवस्था में क्लस्टर के हिसाब से तैनाती होगी। उसमें किसी प्रकार की की मनमानी नहीं चलेगी। पहले चरण में सभी सचिवों को चार–चार ग्राम पंचायतें दी जाएंगी। ऐसे तैयार की जाएगी सचिवों की रैंकिगः सचिवों के ग्राम पंचायत में कराए गए कार्य व शिकायतों की भी समीक्षा की जाएगी। जिनका कार्य शौचालय, पंचायत भवन, जल निकासी को लेकर बेहतर होगा, उन्हें विशेष रैंकिग दी जाएगी। रैंकिग के लिए पांच बिदु रखे गए हैं। पांचों बिदुओं पर बेहतर कार्य करने वाले सचिवों को बुलाकर उनको क्लस्टर चुनने की सुविधा दी जाएगी। बचे हुए क्लस्टर में अन्य सचिवों की तैनाती की जाएगी।

# कोहरे ने बढ़ाई मुश्किल, गलन बरकरार

महराजगंज। दोपहर में धूप होने के बावजूद गलन बरकरार रही। सुबह दस बजे तक चारों तरफ कोहरे की चादर तनी हुई थी। सर्दी से बचने के लिए अलाव लोगों का सहारा बने हुए हैं। दोपहर में बादलों की ओट से निकली धूप भी लोगों को सर्दी से राहत नहीं दे सकी। अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम सात आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कोहरे के चलते लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नौतनवा संवाददाता के अनुसार नेपाल के पहाड़ों में हुई बर्फबारी से हिमालय की तलहटी में बसे मैदानी इलाकों का मौसम सर्द होने लगा है। सुबह नौतनवा तहसील क्षेत्र के सीमावर्ती गांव श्यामकाट, शेषफरेंदा, भगवानपुर, लक्ष्मीनगर, पोखरभिडा उर्फ बैरियहवा, लक्ष्मीनगर, रतनपुर, जारा, पुरैनिहा, खनुआ, हरदी डाली, कैथवलिया उर्फ बरगदही, महुअवा, सुकरौली उर्फ अरघा, गनवरिया, आराजी सरकार उर्फ बैरियहवा समेत नेपाल के रूपनदेही, कपिलवस्तु व नवलपरासी में कोहरे का साम्राज्य रहा। सुबह से पुरवा हवा के झोंके ने तापमान को आठ डिग्री सेल्सियस तक ला दिया। कोहरा दोपहर करीब 12 बजे छाया रहा। जिससे फसलों पर ओस की बूंदों की सफेद चादर बिछी रही। मार्गों पर आवागमन कम रहा। लोग घरों में मकर संक्रांति पर्व मनाने में जुटे रहे। दोपहर करीब 12 बजे के बाद हवा का रुख बदला और आसमान से बादल छंटने के बाद सूर्य देव के दर्शन होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों का कहना है कि कोहरे व ओस से गेहूं की फसल को लाभ है। आगामी दिनों में पाला न पड़े तो उनके सब्जियों की खेती पर भी कोई नुकसान होगा।

# पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए करना होगा आवेदन

महराजगंज। कोरोना संक्रमण को देखते हुए विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग ने सैन्य कर्मियों की तरह ही बुजुर्ग व दिव्यांगों को भी मतदान के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा देने की व्यवस्था बनाई है। पोस्टल बैलेट के मतदान के बाद मतदाता मतपत्र डाक से निर्वाचन अधिकारी को भेजेंगे। लेकिन यह सुविध्ा मतदाताओं के आवेदन करने पर ही मिल सकेगी। इसके लिए मतदाता को फार्म–डी भरकर बीएलओ के पास जमा करना पड़ेगा। बीएलओ चिह्नित मतदाताओं से डोर टू डोर टू संपर्क करके पोस्टल बैलेट चाहिए या नहीं, इसकी जानकारी करेंगे। आवेदन के लिए फार्म 12 डी की प्रिटिग कराई जा रही है। अपर जिला निर्वाचन अध्िाकारी डा. पंकज कुमार वर्मा ने अफसरों को तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

जिले में 21954 है बुजुर्ग मतदाताः जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत कुल 21954 बुजुर्ग मतदाताओं का चिन्हांकन किया गया है। जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों में के नागरिक हैं। इनमें 80 से 89 वर्ष आयुवर्ग में जहां 18457 मतदाता हैं तो वहीं 90 से 99 वर्ष आयुवर्ग में 3138 जबकि 100 से ऊपर की आयुवर्ग में कुल 359 मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा जिले में 14026 दिव्यांग मतदाता भी शामिल हैं। चुनाव में योजना के मुताबित यह सभी पोस्टल बैलेट की डिमांड कर सकते हैं। कोरोना मरीज भी ले सकते हैं लाभः पोस्टल बैलेट की सुविधा कोरोना संक्रमित मतदाताओं को भी दी जानी है। चुनाव की तिथि से एक सप्ताह पूर्व मरीजों की संख्या का आंकलन किया जाएगा। यदि वह पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान करना चाहते हैं तो उन्हें भी ये सुविधा मिलेगी। बूथवार बीएलओ को सूची में दर्ज दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या के अनुसार फार्म दिया जाएगा। बीएलओ संबंधित मतदाताओं से संपर्क करके डिमांड आरओ को उपलब्ध कराएंगे। पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान चुनाव की तिथि से पहले होगी। जिससे पोस्टल बैलेट मतगणना से पहले आरओ को मिल सके।

# विधानसभा चुनाव युवा मतदाता तय करेंगे उम्मीदवारों का भविष्य

महराजगंज। विधानसभा चुनाव को लेकर हर बार सभी पार्टियों का फोकस युवा मतदाता पर ही रह रहा है। प्रत्याशी और समर्थक भी समझ चुके हैं कि युवा मतदाता ही रुख पलट सकते हैं। इसी लिए वह हर जतन कर उन्हें अपने पक्ष में करने की जगत में जुटे रहते हैं। जिले की (18–39) के 10.36 लाख युवा मतदाता हैं। जो इस बार उम्मीदवारों के भाग्य विधाता बनेंगे। जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव छठवें चरण में चुनाव होगा। मतदान तीन मार्च को 1148 मतदान केंद्रों के 2221 बूथों पर होगा। पांचों विधानसभा में कुल 1939342 मतदाता हैं। इसमें 53.43 फीसद मतदाता 18 से 39 वर्ष के बीच के हैं, जबकि शेष 40 से ऊपर तक के मतदाता हैं। जिले में 18–19 वर्ष के कुल 30605 मतदाता, 20 से 29 वर्ष तक के 468827 तथा 30 से 39 वर्ष तक के 536874 मतदाता हैं।

मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए कर सकते हैं आवेदन

महराजगंज। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि नवसृजित नगर पालिका परिषद सिसवा बाजार की मतदाता सूची पुनरीक्षण के बाद आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित तिथि को अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। अंतिम प्रकाशन के बाद कुछ पात्र के नाम छूट गए हैं। छूटे नागरिक, जो सामान्य रूप से संबंधित वार्ड में निवास करते हैं, वह निर्वाचन की सूचना निर्गत करने किए जाने की तिथि से पूर्व तक की अवधि में नाम शामिल, शुद्धिकरण या विलोपन करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्रों की जांच करके नाम शामिल, शुद्ध अथवा विलोपन करने की कार्रवाई नाम निर्देशन के लिए नियत अंतिम तारीख तक पूर्ण की जाएगी।

जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक 17 व 18 कोः महराजगंज। मराजगंज और पनियरा विधानसभा क्षेत्र के जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक 17 तथा फरेंदा, नौतनवा व सिसवा के जोनल ,सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक 18 जनवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 10.30 बजे से होगी। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक के बाद सभी जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट बूथों का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित होने की रिपोर्ट उसी दिन चार बजे तक उपलब्ध ा कराएंगे।

मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण 19 कोः महराजगंज। मुख्य विकास अध्िाकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी मास्टर ट्रेनरों का सामान्य ईवीएम का प्रशिक्षण 19 जनवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 10 किया जाएगा। सभी मास्टर ट्रेनर निर्धारित तिथि को समय से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

# कैंट पुलिस ने राह चलते लोगों से मोबाइल लूटने वाले लुटेरे को 7 मोबाइल के साथ किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। एसएससी डा विपिन



तांडा के निर्देश पर एसपी सिटी सोनम कुमार के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कैंट के नेतृत्व में कैंट थाना प्रभारी शशिकांत राय क्षेत्र में मामूर थे तभी मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी। सिंघाड़िया चौराहे के पास एक संदिग्ध ा व्यक्ति कई मोबाइल लिए हुए खड़ा है । जिससे बेचने की फिराक में है मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक विजय कुमार गौड़ उपनिरीक्षक अमित कुमार चौधरी हेड कांस्टेबल रामचंद्र पटेल कांस्टेबल अखिलेश कुमार, विनय कुमार यादव, वीरेंद्र कुमार, अंकित कुमार, राकेश यादव ने घेराबंदी करके आरोपी को गिरफ्तार किया पकड़े गए आरोपी की पहचान कन्हैया निषाद पुत्र हंस नाथ निषाद निवासी खुटहन दक्षिण टोला थाना गुलरिया के रूप में हुई आरोपी के पास से पुलिस ने 7 मोबाइल को बरामद किया गया है ।कैंट थाना प्रभारी शशिकांत राय ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी काफी शातिर किस्म का लुटेरा है जो रामगढ़ताल शाहपुर राजघाट व शहर के अन्य थाना क्षेत्रों में कई घटनाएं कारित कर चुका है । इसका साथी सफीक फरार चल रहा है जिसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा । यह अपने गिरोह के साथ राह चलते लोगों का मोबाइल लूटकर फरार हो जाते हैं पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि यह अपने महंगे शौक को पूरा करने के लिए अपने साथी सफीक व अन्य के साथ मिलकर घटना को कारित करता है जिसे आज गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा गया । जहाँ से जेल भेज दिया गया।

# राजगढ़ की टीम को सकरी की टीम ने पांच विकेट से हराया

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला क्षेत्र के यदुबंशी क्रिकेट क्लब डड़वापार में चल रहे मैच में रविवार दुसरे दिन राजगढ़ और सकरी के बीच मैच खेला गया। जिसमें सकरी की टीम ने टास जीत कर पहले फिल्डिंग कयने का निर्माणय लिया। राजगढ़ की टीम अपने निर्धारित आठ ओवर में छः विकेट गवाकर मात्र 54 रन ही बना सकी। 55रन का विजय लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी सकरी की टीम ने 7. 3 ओवर में पांच विकेट गवाकर 55 रन बना कर जित दर्ज की। सकरी की टीम से खेल रहे पंकज पाण्डेय ने दो ओवर में 9 रन देकर तीन विकेट लिए। और 27 रन की अपनी पारी भी खेली। राजगढ़ की तरफ से प्रवीन यादव ने तीन ओवर में तीन विकेट लिए और 22 रन की अपनी पारी खेली। इस मैच में सर्वाधिक विकेट और रन बनाने पर कार्तिक पाण्डेय को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच में कमेंट्री पर दीपक गोड़, अम्पायरिंग सचिन यादव और संदीप यादव, स्कोरर रत्नाकर यादव रहे। मैच की ब्यवस्था में दीपक यादव, संगम यादव, निखिल, नितिष, अमन आदि रहे।

# पशु संरक्षण गृह देख असंतुष्ट दिखे एसडीएम,लगाई फटकार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला ध्गोरखपुर ।गोला क्षेत्र के पशु संरक्षण गृह गाजेगढ़ा पर रविवार को



दोपहर 12बजे गोला के एसडीएम विनय पाण्डेय पहुचे। और वहां की बद इंतजामी को देख संरक्षण गृह के प्रसासनिक अधिकारी को हिदायत दी। गोला क्षेत्र के गाजेगढ़ा स्थित पशु संरक्षण गृह की हालत दैनिय है। यहां पर तीन सौ पशुओं की छमता है। लेकिन इन दिनों इस संरक्षण गृह में पांच सौ पशु भरे पड़े हैं। इन्हे खाने–पीने पीने की समुचित व्यवस्था नहीं है। वारिश से जगह जगह पानी लगा हुआ है। और खाने के नाद टुटे हुए हैं ।कुछ पशुओं के शरीर पर बड़े बड़े जख्म दिखाई दे रहा था ।इतना ही नहीं यहाँ का बाड़ भी छतिग्रस्त है। जिसके चलते पशु बाहर निकल कर यहां के स्थानीय किसानों की गाढ़ी कमाई (फसल) को बर्बाद कर रहे हैं। जिसे लेकर यहां के किसान आक्रोशित दिखे। स्थानीय लोगों ने एसडीएम से अपनी समस्या कही और इसका समुचित निदान कराने के लिए कहा ।गाजेगढ़ा पशु संरक्षण गृह के प्रसासनिक अधिकारी दिनेश गिरी ने कहा कि छुट्टा पशुओं को हम लाकर इसमें रखते हैं। छमता से अधिक पशु हो गये हैं। ब्यवस्था के हिसाब से इनको दाना पानी दिया जा रहा है ।बे मौसम वर्षात के चलते कीचड़ और पानी लगा हुआ है। इस बारे में एसडीएम विनय पाण्डेय का कहना है कि नाद जैसा होना चाहिए वैसा नही है। इसमें चारा रखने जोग्य ही नही है। इसका पुनर निर्माण कीया जाए हम संस्था को भी लिखेंगे। जिससे इनको प्रचुर मात्रा में चारा मील सके। इसके लिए हम शासन को अवगत कराएंगे ।इतना ही नहीं एसडीएम ने दिनेश गिरी को हिदायत देते हुए कहा कि आप बाड़ को बांस की पट्टी या तार लगा कर ठीक कराएं जिससे किसानों की फसलों को नुकसान न हो।

# बीट व चौकी प्रभारी संग थानाध्यक्ष ने की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी विजय किरन आनंद ने अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाते हुये चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए दिए गये आवश्यक दिशा निर्देश के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा ने सर्किल अफसरों व थाना प्रभारी को अपने–अपने सर्किल और थाना क्षेत्रों में अपने अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते हुए अपराध्ा पर नियंत्रण करते हुये 2022 विध्ाानसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिये निर्देशित किया है जिसके अनुपालन में थाना प्रभारी चिलुआताल थाना अंतर्गत समस्त चौकी प्रभारी व बीट प्रभारी के साथ थाने पर बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि चौकी व बीट प्रभारी अपने–अपने क्षेत्रों में समस्त शस्त्र ध्ाारकों के शस्त्रों को थाने या लाइसेंसी शस्त्र दुकानों पर जमा शत–प्रतिशत कराएं अपराधी किस्म के व्यक्तियों पर बराबर नजर बनाए रखें जिससे बीट या चौकी के अंतर्गत किसी भी प्रकार की छोटी सी छोटी घटना घटित होती है तो उसके जिम्मेदार बीट व चौकी प्रभारी होंगे किसी भी बीट या चौकी क्षेत्र में अवैध शराब निष्कर्षण व बिक्री नहीं होनी चाहिए निष्कर्षण व बिक्री होती हये पाया गया तो स्वयं बीट व चौकी प्रभारी जिम्मेदार होंगे उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी बीट व चौकी क्षेत्र में अगर किसी भी प्रकार की छोटी सी छोटी घटना होती है तो वह तत्काल पहुंचकर मुझे अवगत कराएं जिससे उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा सके महिला अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए महिलाओं द्वारा आए हुए प्रार्थना पत्र को तत्काल संज्ञान में लेते हुए मौके पर पहुंचकर तत्काल कार्रवाई करें जिससे महिला अपराधों पर तत्काल अंकुश लगाया जा सके किसी भी बीत या चौकी प्रभारी द्वारा हीला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी बीट व चौकी प्रभारी अपने–अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करें जिससे आगामी 2022 विधानसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराया जा सके बैठक में चौकी प्रभारी फर्टीलाइजर चौकी प्रभारी बरगदवा चौकी प्रभारी मजनू एसएसआई चिलुआताल सहित समस्त उपनिरीक्षक बीट प्रभारी मौजूद रहे।

# युवक का शव मिलने से आक्रोशित परिवार ने लगाया युवक के हत्या का आरोप

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलीगढ। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में अभी एक दलित युवक की हत्या का मामले को लोग अभी ढंग से भुला भी नहीं पाए थे कि एक और दलित युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है । जी हां हम आपको बता दें कि यह मामला दरअसल थाना क्वार्सी इलाके के धौर्रा माफी स्थित केआर गार्डन गेस्ट हाउस के पीछे जंगल में एक दलित युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक की हत्या गला दबाकर की गई है। वहीं पास में ही उसकी बाइक भी पड़ी मिली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी में भेज दिया। मृतक के मामा जयप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया है । कि युवक का नाम विनोद हैं और उसकी उम्र करीब 25 वर्षीय



बताई है । जो कि यहां नगला मल्लाह का निवासी था। एक वर्ष पूर्व ही विनोद की शादी हुई थी। वह सुबह 7 बजे अपनी पत्नी से चुंगी की कहकर बाइक द्वारा निकला था। जबकि मृतक विनोद को ठीक से बाइक चलानी भी नहीं आती थी। करीब 8.30 बजे जब परिवार वालों ने विनोद को फोन मिलाया तो मोबाइल बंद जाने लगा। तो परिवार के लोगों को चिंता होने लगी और परिजन उसकी तलाश करनी शुरू कर दिया । परिवार विनोद की तलाश कर ही रहा था कि तभी पुलिस का फोन आया की केआर गार्डन के पीछे जंगल में एक डेड बॉडी मिली है। वहां जाकर जब परिवारजन ने देखा तो वह विनोद का शव था। विनोद की मृत्यु हो गई, लेकिन उसकी हत्या किसने की है। और सुबह उसके साथ कौन गया था और हत्या करने का कारण आखिर क्या रहा । अभी इन सभी सवालों के जवाब फिलहाल पुलिस तलाश कर रही है । तथा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है। वहीं, पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी मिलते ही बसपा पार्टी के प्रत्याशी भी पहुंच गए और उन्होंने कहा है कि मौजूदा सरकार में दलितों की लगातार हत्या हो रही है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## तालाब पत्तों का आवंटन शीघ्र कराएं प्रशासन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। विगत कई दिनों पहले हुए तालाब पट्टों के आवंटन के बाद अभी तक उन्हें प्रमाण प्रमाण पत्र न मिलने के कारण तालाब का काम शुरू नहीं हो रहा है जिसके चलते तालाब का काम अधर में लटका हुआ है गांव के पट्टा धारकों ने बताया कि आप समय से पहले पट्टों का आवंटन हो जाता है तो हम उसकी सुरक्षा देखभाल समय से कर लेंगे जिससे उसका वास्तविक लाभ हमें मिल जाएगा अन्यथा अगर ठंडक का ज्यादा प्रकोप हुआ तो तालाब मैं पड़ी मछलियों के मरने की संभावना है जिससे बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## जनपद के टोल प्लाजा के अलावा जगह–जगह पर गुंडा टैक्स वसूली जारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग पर जनपद में 60 किलोमीटर की दूरी पर टोल प्लाजा के अलावा तीन जगह पर सरेआम गुंडा टैक्स की वसूली की जाती है। जहां बार–बार स्थानीय प्रशासन के दखल देने के बावजूद वसूली नहीं रुक रही है जबकि उक्त क्षेत्र माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शक्तिपीठ श्री देवी पाटन मंदिर का माना जाता है इसके बावजूद लगातार कई वर्षों से कमोवेश वसूली चल रही है बार–बार विरोध के बावजूद प्रशासन उक्त गुंडा टैक्स को स्थानीय प्रशासन रोकने में अक्षम साबित हो रहा है जबकि देश और प्रदेश में शायद बलरामपुर एक ऐसा जगह है जहां पर सरेआम टोल प्लाजा के आसपास 20 –20 किलोमीटर की दूरी पर तीन जगहों पर यह वसूली जारी है जिसे स्थानीय प्रशासन रोकने में पूरी तरह लाचार है उक्त स्थानों पर आए दिन लड़ाई झगड़े भी होते रहते हैं जो प्रशासन के संज्ञान में भी है इसके बावजूद भी उक्त वसूली नहीं रुक रही है वरिष्ठ समाजसेवी घनश्याम मिश्र ने कहा कि स्थानीय प्रशासन ऐसी वसूली पर तत्काल प्रभाव से जनहित में रोक लगाएं।

## हैंड्स फॉर हैल्प का वार्षिक 9 वां रक्तदान शिविर का आयोजन

### जिला मलखान सिंह अस्पताल में लगाया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलीगढ। अलीगढ़ शहर की मशहूर सामाजिक संस्था हैंड्स





फॉर हैल्प का वार्षिक रक्तदान शिविर मलखानसिंह जिला अस्पताल में संस्थाध्यक्ष सुनील कुमार जी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। जिसमें लोगों ने कड़कड़ाती ठंड के बावजूद बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया व स्वेच्छिक रक्तदान भी किया। मीडिया प्रभारी विशाल मर्चैंट ने कहा कि मुख्य अतिथि जिला पूर्ति अधिकारी शिवाकांत पांडेय जी ने शिविर का उदघाट्न किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रक्तदान करना एक परोपकार है। साथ ही उन्होंने संस्था द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर किये जा रहे कार्यों को सराहा व अपने स्तर से हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। इधर शिविर में लगभग 150 यूनिट्स रक्त एकत्रित हुआ। जो कि कोरोना काल में एक विशेष उपलब्धि है। संस्था ने इस उपलब्धि का एक मात्र श्रेय सभी रक्तदानियों को दिया और उनको प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया व उनका आभार जताया। साथ ही संस्था ने ब्लड बैंक टीम, डॉ भरत वार्ष्णेय हाई टैक लैब, डॉ हर्ष, रॉबिनहुड आर्मी को उनके निरंतर सहयोग के लिए सम्मानित भी किया। उपस्थित सदस्यों में डॉ डी के वर्मा, डॉ एस के गौड़, रक्तवीर अजय चौधरी, नीरज रानी, राहुल वशिष्ठ, बबिता अग्रवाल, विशाल भारती, मिंकू गर्ग, शिवम महेश्वरी, रामू भाई, भुवनेश शर्मा, जितेंद्र टीडी, चिराग कुमार, विवेक पुण्डीर, अरुण शर्मा, दीपक खन्ना, सतीश शर्मा, पीयूष अरोरा आदि मौजूद रहे। यहाँ रक्तदान करने वाले संस्था सदस्यों में सुनील कुमार, विशाल मर्चैंट, राहुल वशिष्ठ, विशाल भारती, मिंकू गर्ग, विवेक पुण्डीर, विवेक अग्रवाल,दीपक खन्ना, अन्नू भैया, चिराग कुमार,सोनू भाई भोला भैया,हर्ष अरोरा, आदि मुख्य रहे।

## करमा रेलवे क्रॉसिंग पूरी तरह से बन्द,बढ़ी मुसीबत

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा / सोनभद्र ।स्थानीय बाजर में ब्रिटिश शासन काल से ही घोरावल राजवाहा के पटरी पर बने रेलवे क्रॉसिंग को रेलवे विभाग ने पूरी तरह से बन्द कर दिया । अब लोगों को पैदल भी जाने के लिए रास्ता नहीं रह गया है । करमा स्थित घोरावल राजवाहा पर बना रेलवे क्रॉसिंग जब से रेलवे पटरी बिछायी गयी थी तब से क्रॉसिंग से होकर मोती सिंह इण्टर मीडिएट कालेज धौरहरा ,बाबा बिहारी इण्टर मीडिएट कालेज भरकवाह के छात्र –छात्राओं का स्कूल आना जाना, बैंक ,डाकघर ,सहकारी समिति करमा, पीएचसी करमा ब्लाक करमा , थाना करमा तथा जरूरत पड़ने पर कहीं भी आने जाने के लिए लगभग पचास



गांवों के लोगों का आवागमन रहा है ।पूर्व में नहर विभाग ने रेलवे क्रॉसिंग पर अपना कर्मचारी नियुक्त कर दिया था । जो आने जाने वाले बड़े वाहनों से शुल्क लेकर फाटक खोलने का काम करता था ।किन्तु अब से लगभग दस साल पूर्व रेलवे विभाग ने स्थानीय लोगों के जबर्दस्त विरोध करने के बावजूद क्रॉसिंग पर लगा फाटक हटा कर पीलर खड़ा कर आवागमन बन्द दिया ।लेकिन सायकिल , मोटरसाइकिल तथा पैदल आना जाना चालू था । आज रविवार को दोपहर बाद पी ए सी तथा पुलिस के साथ पहुंची रेलवे बिभाग की टीम द्वारा पीलर खड़ा करने के बाद दोनों तरफ गाटर लगाकर आवागमन पूरी तरह से बन्द दिया । बाजार के व्यापारियों तथा क्षेत्रीय लोगों ने विरोध करने का प्रयास किया किन्तु पुलिस प्रशासन के आगे कुछ कर नहीं सके । लोगों ने क्षेत्रीय विधायक अनिल कुमार मौर्य तथा सांसद पकौड़ी लाल कोल एवं राज्य सभा सदस्य राम सकल से बात कर समस्या का समाधान खोजने मे लगे रहे लेकिन सफलता नहीं मिली और रेलवे विभागकी टीम रेलवे क्रॉसिंग को पूरी तरह से बन्द करने में सफल रही । रेलवे क्रॉसिंग के बन्द होने से आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तरह–तरह चर्चा होती रही । अब इसका चुनाव पर क्या असर पड़ेगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

## पंचतत्व में विलीन हुये पूर्व विधायक सुखदेव प्रसाद

दैनिक बुद्ध का संदेश



बलरामपुर । भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सहयोगी, जनसंघ से दो बार विधायक रहे बेहद स्वच्छ छवि, सरल स्वभाव के सुखदेव प्रसाद का लम्बी बीमारी के बाद 16 जनवरी की सुबह निधन हो गया । उनके निधन का समाचार फैलते ही जनपदवासियों में शोक फैल गया भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री हनुमंत सिंह, राज्य मंत्री पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाशनाथ शुक्ला, भाजपा मीडिया प्रभारी डीपी सिंह श्बैसश, जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, जिला महामंत्री वरुण सिंह, जिला मंत्री अवधेश तिवारी, संदीप उपाध्याय, अंशुमान सहित तमाम भाजपा पदाधिकारियों व नगरवासियों ने उनके आवास पर पहुँच कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की और राप्ती घाट पर उनके अंतिम संस्कार में सम्मिलित होकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ।

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए युवाओं का कोविड वैक्सीनेशन जरूरी: सुधा बौद्ध

### युवाओं के टीकाकरण में अंबिका फाउंडेशन करेगी सहयोग

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। सामाजिक संस्था अंबिका फाउंडेशन ने 15 से 18 साल के युवाओं को कोविड–वैक्सीनेशन कराने को लेकर लोगों को जागरूक किया है ।संस्था पदाधिकारी स्वास्थ्य विभाग के टीम की सहायता करके अधिक से अधिक युवाओं को कोविड–टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं ।संस्था अध्यक्ष सुधा बौद्ध ने कहां कि कोविड–वैक्सीनेशन का कार्य सिर्फ शासन प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है इस कार्य के लिए हम सभी का



नैतिक कर्तव्य है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम का सहयोग करें और अपने आसपास के 15 से 18 साल के किशोर किशोरियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें ।संस्था अध्यक्ष ने कहा कि शासन प्रशासन का मुख्य उद्देश्य सभी को कोरोनावायरस से सुरक्षित रखना है इसके लिए जगह जगह पर कैंप लगाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम टीकाकरण कर रही है ।उन्होंने कहा कि अंबिका फाउंडेशन विश्वास विभाग की टीम में सहयोगी के रूप में कार्य कर के युवाओं को इस महामारी से सुरक्षित करने का प्रयास कर रहे हैं फाउंडेशन अध्यक्ष ने बताया कि इंटरमीडिएट अंक स्कूल सोमवार से खुलते ही संस्था स्कूलों में जाकर 15 से 18 साल तक छात्र छात्राओं को टीकाकरण करने में स्वास्थ विभाग का सहयोग करेगी संस्था के इस कार्य में सहयोगी के रुप में प्रशांत तिवारी ,माया, गौतम, संघमित्रा आदि रहेंगे।

## नगर पालिका सर्दी को देखते हुए अलाव की व्यवस्था कराएं

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। मौसम एक बार फिर चलते चलते मिजाज बदल रहा है जिसका असर यह है कि विगत दिनों से ठंडक ने फिर से दस्तक दे दी है जिसके कारण लोग बाग घरों में ठिठक गए हैं आलम यह है कि ठंड से बचने के लिए लोग जगह–जगह अलाव का सहारा ले रहे हैं नगरपालिका ने बहुत कम जगह पर अलाव की व्यवस्था कराई है जिसके कारण गरीब कमजोर तपके लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जैसे–जैसे शाम ढलती है लोग जल्दी–जल्दी घरों में भागना शुरू कर देते हैं ऐसे में नगर पालिका प्रशासन को अलाव की व्यवस्था नगर के प्रमुख चौक चौराहों रेलवे स्टेशन बस अड्डों पर करने की आवश्यकता है जिससे आम जनमानस को राहत मिल सके।

# दबंगों ने घर में घुसकर आधा दर्जन लोगों को मारपीट कर किया लहूलुहान

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद में थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के गांव फत्तोपुर में कोटेदार के यहां राशन लेने गये कुनई प्रसाद को पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही दबंग पप्पू, प्रकाश, संतोष,नन्हे ने लाठी डंडा से लैस होकर मारपीट कर लहूलुहान कर दिया । कुनई के भतीजे सतीश ने बताया कि इसके बाद पप्पू अपने परिवार के प्रकाश, नन्हे, व संतोष आदि के साथ लाठी डंडा लेकर हमारे घर में आकर घुस







गया और परिवार के सभी महिला और पुरूषों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया । जिसमें हमारी बहन सोनम ,का पैर टूट गया ।पिता छेदीलाल के सर में डंडे से वार कर गंभीर चोट पहुंचा दिया जिससे वह मौके पर ही गिरकर बेहोश हो गये । इसके अलावा परिवार के भाई चाचा सहित कई लोगों को मारकर घायल कर दिया । सभी का इलाज बलरामपुर के संयुक्त जिला चिकित्सालय में कराया जा रहा है जिसमें छेदीलाल की हालत गंभीर है । जनपद के नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं किया है। जिससे दबंग अपने बुलंद हौसलों के साथ हमारे पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए घूम फिर रहे है । जिससे पीड़ित का पूरा परिवार डरा, सहमा हुआ है । अब देखने वाली बात यह होगी कि पुलिस इन दबंगों के ऊपर कब और क्या कार्यवाही करती है । क्या दबंगों को पुलिस कर पायेगी गिरफ्तार या दबंग अपने ऊंचे रसूखों के बल पर बच निकलने में होंगे कामयाब।

## विधायक डाक्टर राधामोहन दास अग्रवाल ने तोड़ी चुप्पी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित किये जाने के भारतीय जनता पार्टी के फैसले का यहां के मौजूदा विधायक डाक्टर राधा मोहन दास अग्रवाल ने स्वागत किया है ।गोरखपुर शहर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक राधा मोहन दास अग्रवाल ने इस सीट से योगी को मैदान में उतारने के पार्टी के फैसले का स्वागत किया और कहा, हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं, पार्टी के निर्णय का स्वागत करते हैं। गोरखपुर महानगर और आसपास के जिलों में बाल रोग विशेषज्ञ के रूप में मशहूर डॉक्टर अग्रवाल को योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2002 में भाजपा की तत्कालीन राजनाथ सिंह नीत सरकार में मंत्री रहे एवं पार्टी उम्मीदवार शिवप्रताप शुक्ल के खिलाफ शहर क्षेत्र से हिंदू महासभा के उम्मीदवार के रूप में उतारा। योगी की ताकत और अपनी लोकप्रियता से डॉक्टर अग्रवाल 2002 में चार बार के विधायक एवं तत्कालीन मंत्री शुक्ल को हराने में कामयाब रहे। इसके बाद 2007, 2012 और 2017 में डॉक्टर अग्रवाल भाजपा के टिकट पर लगातार निर्वाचित हुए। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिये भाजपा ने शनिवार को 107 उम्मीदवारों की घोषणा की जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गोरखपुर शहर और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को कौशांबी जिले की सिराथू सीट से उम्मीदवार बनाया गया। योगी और मौर्य अभी विधान परिषद के सदस्य हैं। गोरक्ष पीठ के महंत योगी पांच बार गोरखपुर से सांसद रह चुके हैं जबकि मौर्य ने 2012 में अपना पहला चुनाव सिराथू से ही जीता था। इसके बाद उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में फूलपुर संसदीय सीट से जीत दर्ज की थी और पार्टी ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाकर 2017 का विधानसभा चुनाव उनकी अगुवाई में लड़ा था। वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया गया था।

## रोमांचक मुकाबले में रेनुकूट ने अनपरा को चार विकेट से हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

### लगातार दूसरी बार उमेर खान बने मैन ऑफ द मैच

दैनिक बुद्ध का संदेश

म्योरपुर / सोनभद्र ।रविवार को स्थानीय खेल मैदान पर चल



रहे 18 वें अन्तराजिय क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे क्वार्टर फाइन मुकाबले में रेनुकूट ने अनपरा को रोमांचक मुकाबले में चार विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना लिया ।पहले खेलते हुए अनपरा की टीम ने सभी विकेट खोकर 86 रन बनाया ।86 रनों का पीछा करते हुए रेनुकूट की टीम ने 6 विकेट खोकर 87 रन बनाकर मैच जीत लिया ।मैच 16 ओवरों का खेला गया ।मैच में आलराउंडर प्रदर्शन करने वाले रेनुकूट के खिलाड़ी उबेर खान को खण्ड शिक्षा अधिकारी म्योरपुर सुरेन्द्र प्रताप सहाय ने अपने हाथों से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया ।मैच में मुख्य निर्णायक की भूमिका शमसाद अली व और मुहम्मद हकीक ने निभाई तथा कमेंटेटर रितेश जायसवाल व बाबा रहे स्कोरर की भूमिका आशीष अग्रहरि ने रहे ।इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह,कोषध्यक्ष अफजल अंसारी,मीडिया प्रभारी पंकज सिंह,रंजीत जायसवाल,,राजन गुप्ता, आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# 3 दिन बाद एक राशन माफिया हुआ गिरफ्तार, मुख्य आरोपी समेत दो अभी भी फरार

हरदोई ।अरवल थाना क्षेत्र के किर्तियापुर गांव में बुधवार की रात कालाबाजारी के लिए एक मकान में रखे सरकारी राशन गेहूँ व चावल को पकड़े जाने के मामले में अरवल पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है ।जबकि 3 दिन बीता जाने के बाद भी सरकारी राशन की कालाबाजारी करने वाले मुख्य आरोपी व उसका पुत्र फरार है। पूरे मामले में तहसील के अफसर व अरवल पुलिस मामले की गोलमोल करने में जुटी हुई है। अरवल थाना क्षेत्र के किर्तियापुर गांव में बुधवार की रात अरवल थानाध्यक्ष राजपाल ने भारी पुलिस बल के साथ एक मकान में छापा मारा था ।जिसमें 232 बोरी चावल व 11 बोरी गेहूं बरामद किया गया था। अरवल पुलिस ने मकान के मुख्य द्वार समेत तीन कमरों में भरे सरकारी राशन गेहूं चावल को सील किया था। पूरे मामले की सूचना मिलने पर एसडीएम स्वाति शुक्ला के निर्देश पर गुरुवार को तहसीलदार सवायजपुर नारायण सिंह, पूर्ति निरीक्षक अर्चना सिंह, खाद्य निरीक्षक ओपी राना, एसएफसी के गोदाम प्रभारी राम प्रकाश मिश्र ने बरामद किए गए राशन की जांच की। जिसमें सरकारी राशन पाया गया। बरामद सरकारी राशन को एसएफसी गोदाम प्रभारी के सुपुर्द कर एसडीएम ने डीएम को रिपोर्ट भेजी। डीएम अविनाश कुमार के आदेश से पूर्ति निरीक्षक अर्चना सिंह की तहरीर पर पूरे मामले में तीन आरोपियों महेंद्र और पप्पू उसके पुत्र सुंदरम व उसके भाई जितेंद्र के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने एक आरोपी जितेद्र सिंह को गिरफ्तार किया है ।सूत्रों के मुताबिक कई कोटेदारों पर गिर सकती है। थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि एक आरोपी जितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसडीएम सवायजपुर स्वाति शुक्ला ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक अर्चना सिंह से कालाबाजारी करने वाले कोटेदारों की जांच कराई जा रही है। मामले में लिप्त कोटेदारों को बख्शा नहीं जाएगा उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## बैंक मैनेजर हत्याकांड : हत्या की गुत्थी उलझी,कई संदिग्धों को हिरासत में लिया

कानपुर। रायबरेली में बैंक ऑफ बड़ौदा के सहायक प्रबंधक चकेरी निवासी जय प्रकाश पाल की हत्या की गुत्थी पुलिस तीन दिन बाद भी नहीं सुलझा पाई है। पुलिस ने हरदोई से दो और रायबरेली से पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया है। वहीं,एसओजी प्रभारी ने चकेरी में रहने वाले मृतक के पिता आरके पाल से संपर्क कर 70 लाख की प्रॉपर्टी से संबंधित सवाल पूछे। कानपुर में चकेरी क्षेत्र अंतर्गत दहेली सुजानपुर निवासी जय प्रकाश पाल बीओबी की डीह (रायबरेली) शाखा में तैनात थे। मंगलवार रात रायबरेली के मिल एरिया थाना क्षेत्र में उनकी गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। लखनऊ में 70 लाख की जमीन की खरीद फरोख्त को लेकर उनकी हत्या कराए जाने की आशंका पुलिस ने जताई है। पुलिस ने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों की 15–20 दिन की फुटेज खंगाली है। एसपी श्लोक कुमार के अनुसार जय प्रकाश की सीडीआर से पता चला कि उनकी फोन पर किसी से ज्यादा बात नहीं होती थी। लखनऊ में उन्होंने जिस एजेंट के माध्यम से प्रॉपर्टी खरीदी थी, जय प्रकाश अक्सर एजेंट से उसके मौसा के आइसक्रीम पार्लर पर मिलते थे। मृतक की भांजी को परेशान करने वाला हरदोई निवासी युवक था। उसने जय प्रकाश को धमकी भी दी थी। पुलिस ने दो संदिग्धों को हरदोई से उठाया है।

## वितरण की तिथि बढ़ी, 17 जनवरी तक पात्रों को मिलेगा योजना का लाभ

उन्नाव। जिला पूर्ति अधिकारी ने तक जिले के समस्त कार्डधारकों (अन्त्योदय, पात्र गृहस्थी) को जानकारी देते हुये बताया है कि माह जनवरी 2022 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 योजनान्तर्गत वितरण की तिथि जो कि 06 जनवरी 2022 से दिनांक 15 जनवरी 2022 तक निर्धारित थी, को खाद्यायुक्त के आदेश पर इस तिथि को बढ़ाकर 17 जनवरी तक विस्तारित कर दिया गया है। उन्होंने बताया उक्त अवधि में आधार आधारित वितरण किया जायेगा। मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की तिथि पूर्व निर्धारित दिनांक 15 जनवरी 2022 के साथ–साथ 17 जनवरी 2022 को भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि जनपद के ऐसे कार्डधारक, जो अभी तक माह जनवरी 2022 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 योजनान्तर्गत राशन व अन्य वस्तुयें प्राप्त नही कर पाये हैं, वह दिनांक 17 जनवरी 2022 तक सम्बन्धित विक्रेता से अपना खाद्यान्न तथा साबुत चना, आयोडाइज्ड नमक एवं रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल निःशुल्क प्राप्त कर लें। साथ ही जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वह उपरोक्त वितरण दिवसों में प्रत्येक दशा में अपनी उचित दर दुकान खोलकर नियमानुसार वितरण करना सुनिश्चित करें।

## कच्ची दीवार के नीचे दबकर दादी की मौत, पोती घायल

सीतापुर। इलाके में कच्ची दीवार पर पड़े छप्पर के नीचे लेटी दादी व पोती पर अचानक भरभराकर कच्ची दीवार गिर गई। मलबा हटाकर परिजन तत्काल घायलों को सी एच सी कसमंडा ले गए। जहाँ डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। थाना क्षेत्र के अंतर्गत घेरवा मजरा रामपुर घेरवा निवासी सुखरानी(48) पत्नी स्व. विश्राम पासी अपनी पोती सरोजनी(2) पुत्री भूरे लाल के साथ दीवार पर पड़े छप्पर के नीचे सो रही थी। गुरुवार रात करीब तीन बजे अचानक कच्ची दीवार इनके ऊपर गिर गई। चीख पुकार सुनकर परिजन व पड़ोसी मौके पर इकठ्ठा हो गए। मलबा हटाकर परिजन दादी व पोती को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसमंडा ले गए। जहां डॉक्टरों ने सुखरानी को मृत घोषित कर दिया। सरोजनी को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सूचना मिलते ही मानपुर पुलिस व क्षेत्रीय लेखपाल नीरज कुमार मौके पर पहुचे। इस हादसे में छप्पर के नीचे बंधी दो बकरियों की भी दबकर मौत हो गई। छप्पर के नीचे रखा सारा गृहस्थी का सामान तहस नहस हो गया।

## निराश्रितों को वितरित किए वस्त्र

सीतापुर। नैमिषारण्य तीर्थ स्थित पंचायती धर्मशाला में संचालित वृद्धाश्रम में रह रहे निराश्रित वृद्ध पुरुषों एवं महिलाओं को मुस्कान परिवार (फाउंडेशन) के द्वारा मकर संक्रांति पर्व के शुभावसर पर साड़ी, शाल गर्म मोजे, मफलर एवं दस्ताने का वितरण किया इस अवसर पर संस्था के सदस्य अमित अग्रवाल, रूपा अग्रवाल, सोमू गुप्ता, ईशान खेतान, कामिनी अग्रवाल, सरिता जैन एवं रिक्की शर्मा आदि सदस्य उपास्थित रहे संस्था के सदस्य अमित अग्रवाल ने बताया कि हमारी संस्था का मुख्य असहाय एवं निराश्रितों की सहायता करना है 15 जनवरी को संस्था के द्वारा खैराबाद स्थित कुष्ठ आश्रम में कुष्ठ रोगियों हेतु खाने पीने की व्यवस्था एवं गर्म कपड़े आदि वितरित किए जाएंगे।

## शौचालय निर्माण में हो रहा पीले ईट का प्रयोग

सीतापुर। भारत सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के तहत गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत बनाये जा रहे शौचालयों के निर्माण में मानक की धज्जियां उड़ायी जा रही है ।गावो में विकास कार्य को नई दिशा प्रदान करने वाले ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान की मिलीभगत के चलते शौचालय निर्माण मे मानकविहीन सामग्री व पीली ईटो का प्रयोग कराया जा रहा है । गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत ककरघटा में ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान की मिलीभगत के चलते मानक विहीन तरीके से शौचालय का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है ।स्वच्छता अभियान पर सरकार द्वारा लाखों रुपए पानी के तरह बहाए जा रहे है ।लेकिन सरकार के इस अभियान को अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा पलीता लगाया जा रहा है ।ग्रामीणों का कहना है की शौचालय निर्माण कार्य में पीला ईंटों से करवाया जा रहा है। शौचालय निर्माण मे सफेद रेत, मौरंग,सीमेंट आदि मसालों की गुणवत्ता मानक विहीन तरीके से कराई जा रही हैं

## नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस,मोहन सिंह हुआ स्वागत

हरदोई ।नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस,मोहन सिंह का स्वागत कैंप कार्यालय पर किया गया। स्वागत में डॉ राजीव सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष,सुनीता देवी जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस 157 गोपामऊ विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी पुत्र वधू स्वर्गीय बाबू किन्दर लाल पूर्व सांसद,विधायक भुटटो मियां एडवोकेट जिला महासचिव मीडिया प्रभारी, ललित कश्यप उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश आउटरीच आशीष पाल, जिलाध्यक्ष आउटरीच अजीत विशाल संगठन मंत्री ,शिवा पाल जिला अध्यक्ष ओबीसी,अभय सिंह यादव जिलाध्यक्ष पंचायती राज, शिवम चौहान शहर अध्यक्ष छात्र कांग्रेस, संदीप कुमार, अंशु अशोक कुमार, सनी सिंह आदि लोग ने स्वागत किया।

## अरवल थाने में लगी मुख्यमंत्री की फोटोयुक्त होर्डिंग हटाई गई

हरदोई ।8 जनवरी को विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद भी अरवल थाना क्षेत्र में राजनीतिक पार्टियों की होर्डिंग व अरवल थाने के महिला हेल्पडेस्क व थाना भवन के मुख्य द्वार पर सीएम के चित्र युक्त लगी होर्डिंग की खबर दैनिक तरुण मित्र समाचार पत्र में में गुरुवार को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। उसके बाद हरकत में आई अरवल पुलिस ने थाने से सभी होर्डिंग हटवा दिए हैं। थानाध्यक्ष अरवल राजपाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र में जहां कहीं भी राजनीतिक पार्टियों के प्रचार संबंधी होर्डिंग की सूचना मिली है ।उसे तुरंत हटवाया जा रहा है।

## श्रद्धालुओं ने खिचड़ी भोज का किया आयोजन

हरदोई। मकर सक्रांति के अवसर पर श्रद्धालुओं ने खिचड़ी भोज का आयोजन किया, जिसमें नगर के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कस्बे के बूढ़े बाबा मंदिर पर सुबह आयोजित खिचड़ी भोज में मोहल्ले के लोगों ने बालिकाओं को खिचड़ी भोज कराया। उन्हें श्रद्धा अनुसार दक्षिणा प्रदान की। वही श्री कृष्ण गौशाला में नगर के व्यापारियों ने खिचड़ी भोज किया, जिसमें गायों को गुड़ खिलाया। नरेश माहेश्वरी ,गोपाल गुप्ता, बृजेश तिवारी एवं मंदिर कमेटी सहित कई दर्जन लोगों ने भाग लिया।

# विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए गठित किये गये फ्लाईंग स्क्वायड दल

बहराइच। विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 के दौरान आदर्श आचार संहिताधनिर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेटध जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र द्वारा जिले की प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए तीन–तीन फ्लाईंग स्क्वायड (एफ.एस.) टीमों का गठन कर दिया गया है। गठित टीमें आदर्श आचार संहिताधनिर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित करायेंगी। जिले में गठित की गयीं सभी एफ.एस. टीमों के साथ एक–एक वीडियोग्राफर भी उपलब्ध रहेगा।

विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र–282 बलहा (अ.जा.) के लिए गठित प्रथम फ्लाईंग स्क्वायड (एफ.एस.) टीम में अ. अभि. स.न.ख.–1 नानपारा महेश नरायन मिश्रा मो.न. 9455853576, उप निरीक्षक थाना मोतीपुर एस. के. वर्मा मो.न. 9454359439, मुख्य आरक्षी ए.पी. यादव, आरक्षी मुकेश मौया व कुलदीप पाल, द्वितीय टीम में अ.अभि. स.न.ख. नानपारा कर्मवीर मो.न. 9838508702, उप नि. को.मुर्तिहा सुशील कुमार मो.न. 7897509792, मुख्य आरक्षी आर. एम. यादव, आरक्षी फिरोज खॉ व रविशंकर तिवारी, तृतीय टीम में अ.अभि. स.न.ख.–1 नानपारा उधम सिंह मो.न. 9389107164, उप नि. थाना सुजौली उदित वर्मा मो.न. 9919590439, आरक्षी मो. अबरार, दीपेश कनौजिया व नरेन्द्र शर्मा, सदस्य होंगे।

वि.स.नि.क्षे.–283 नानपारा के लिए गठित प्रथम टीम में अ. अभि. स.न.ख.–1 नानपारा एस. के. पाण्डेय मो.न. 6307052158, उप नि. को. नानपारा डी.एस. सिंह मो.न. 9454638456, मु. आरक्षी धर्मनाथ गौड़, आरक्षी राम अनुज व इमरनाथ यादव, द्वितीय टीम में अ.अभि. नलकूप खण्ड बहराइच सुजीत कुमार मो.न. 8004350877, उप नि. थाना रूपईडीहा पी.सी. यादव मो.न. 9918322397, मु.आरक्षी वी.एस. सिंह, आरक्षी एस. चौरसिया व एस.के. पाण्डेय, तृतीय टीम में अ.अभि. स.न.ख. नानपारा ए.के. गौतम मो.न. 9807634391, उप नि. थाना खैरीघाट बी.एस. गौड़ मो.न. 9532115490, मु.आरक्षी एस.बी. सिंह, आरक्षी विनीत वर्मा व श्यामजी यादव सदस्य होंगे।

वि.स.नि. क्षेत्र–284 मटेरा के लिए गठित प्रथम टीम में अ. अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. डी.टी. दास मो.न. 9451719159, उप नि. थाना मटेरा अमित गुप्ता मो. न. 9455180855, मु.आरक्षी अजय यादव, आरक्षी विनय वर्मा व आलोक पाण्डेय, द्वितीय टीम में अ.अभि. नलकूप खण्ड बहराइच पी.के. कनौजिया मो.न. 7205400972, उप नि. थाना रिसिया नैपाल सिंह मो.न. 7887259191, मु.आरक्षी एस.के. सिंह, आरक्षी राजेश यादव व ए. वी. सिंह, तृतीय टीम में अ.अभि. नलकूप खण्ड बहराइच घनश्याम मो.न. 9454415773, उप नि. थाना नवाबगंज अयोध्या प्रसाद मो.न. 9565065724, मु.आरक्षी एच.एन. यादव, आरक्षी आलोक कुमार व रोहित कुमार सदस्य होंगे। वि.स.नि. क्षेत्र–285 महसी के लिए गठित प्रथम टीम में अ. अभि. स.न.ख.–3 मो. आजाद आलम मो.न. 7081005540, उप नि. थाना हरदी राधेश्याम यादव मो.न. 8960853809, मु.आरक्षी भवानी फेर, आरक्षी ए.बी. वर्मा व हेमन्त कश्यप, द्वितीय टीम में अ.अभि. स.न.ख.–5 जितेन्द्र कुमार मो.न. 8400364220, उप नि. थाना बौण्डी गोपाल तिवारी मो.न. 9450369149, मु.आरक्षी एस.के. यादव, आरक्षी अविकाश यादव व प्रकार गुप्ता, तृतीय टीम में अ.अभि. नलकूप खण्ड बहराइच दयानन्द प्रसाद मो.न. 9936577127, उप नि. थाना रामगॉव रनवीर सिंह मो.न. 9412581778, मु.आरक्षी धर्मेन्द्र यादव, आरक्षी जितेन्द्र प्रजापति व संजय पाल सदस्य होंगे।

वि.स.नि. क्षेत्र–286 बहराइच के लिए गठित प्रथम टीम में अ. अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. पुष्पेन्द्र कुमार मो.न. 9453431189, उप नि. मो.नगर अफजल खॉ मो.न. 9919324412, मु.आरक्षी अशोक तिवारी, आरक्षी विजय कुमार व रोहित शर्मा, द्वितीय टीम में अ. अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. कर्मवीर मो.न. 9455022623, उप नि. मो. देहात जितेन्द्र सिंह मो.न. 9450937778, मु.आरक्षी दिनेश शुक्ला, आरक्षी हनुमान यादव व नीरज, तृतीय टीम में अ.अभि. स.न.ख.–3 गोविन्द मो.न. 9169330254, उप नि. थाना दरगाह शरीफ ए.के. वर्मा मो.न. 9935048254, मु.आरक्षी संतराम सिंह, आरक्षी सत्यवान यादव व सत्यानन्द यादव सदस्य होंगे।

वि.स.नि. क्षेत्र–287 पयागपुर के लिए गठित प्रथम टीम में अ. अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. राजेश कौशल मो.न. 7905325390, उप नि. थाना पयागपुर नरसिंह मो. न. 8318202160, मु.आरक्षी आर. ए. यादव, आरक्षी ए.के. सिंह व आर. विश्वकर्मा, द्वितीय टीम में अ.अभि. नलकूप खण्ड बहराइच अवधेश कुमार मो.न. 9454415022, उप नि. थाना विशेश्वरगंज सुभाष यादव मो.न. 8878875209, मु. आरक्षी जेड. एच. फारूकी, आरक्षी राहित पासवान व व्यास मुनि, तृतीय टीम में अ.अभि. नलकूप खण्ड बहराइच ए.के. सिंह मो.न. 7007408108, उप नि. थाना हुजूरपुर इन्द्रजीत यादव मो.न. 9794478181, मु.आरक्षी दीन दयाल, आरक्षी एस.के. गौड़ व नितिन सिंह सदस्य होंगे।

वि.स.नि. क्षेत्र–288 कैसरगंज के लिए गठित प्रथम टीम में अ. अभि. स.न.ख.–5 राज कुमार मो.न. 8299169284, उप नि. थाना कैसरगंज ए.पी. यादव मो. न. 8953421515, मु.आरक्षी जे. पी. यादव, आरक्षी वी.डी. द्विवेदी व सुनील मिश्रा, द्वितीय टीम में अ.अभि. नलकूप खण्ड बहराइच महेन्द्र कुमार मो.न. 9454415775, उप नि. थाना जरवलरोड एसके. यादव मो.न. 7388025459, मु. आरक्षी पी.के. सिंह, आरक्षी सचिन सिंह व अखिलेश कुमार, तृतीय टीम में अ.अभि. नलकूप खण्ड बहराइच जे.के. शर्मा मो.न. 7979715366, उप नि. थाना फखरपुर पुण्डरीक त्रिपाठी मो. न. 9264926692, आरक्षी प्रमोद, मनोज वर्मा व मनोज कुमार सदस्य होंगे।

## हादसे में एक की मौत दो घायल

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के क्षेत्र प्रयागराज मार्ग के पुरऊपुर गांव के निकट देर रात ड्यूटी करने के बाद एक ही बाइक पर तीन लोग सवार होकर घर वापस जा रहा बाइक सवार ट्रक की तेज रोशनी की चकाचौंध के कारण सड़क किनारे रखे गिट्टी के ढेर में घुस गया जिसमें बाइक पर सवार तीनों लोग घायल हो गए । जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए । मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के मठिया भीखपुर निवासी कृष्ण कुमार पटेल (24) , सूरज विश्वकर्मा ( 23) एवं दिनेश प्रजापति (35 ) सतहरिया स्थित एक फैक्ट्री में सर्विस करते हैं । ड्यूटी से छूटने के बाद एक ही बाइक से घर वापस लौट रहे थे । वह जैसे ही पुरऊपुर गांव के निकट पहुंचे की सामने से आ रही ट्रक की तेज रोशनी की चकाचौंध से सड़क किनारे रखे गिट्टी के ढेर में घुस गए । जिससे तीनों घायल हो गए । घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मुंगराबादशाहपुर थाना पुलिस ने तीनों को घायलावस्था में उपचार हेतु मुंगराबादशाहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया । जहां तीनों की हालत गंभीर देख चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज हेतु मेडिकल कालेज प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया ।प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में ही कृष्ण कुमार पटेल की मौत हो गई ।

## पशुओं की कब्रगाह न बन जाए रामलीला मैदान

जौनपुर। ष्षाहगंज के ऐतिहासिक रामलीला मैदान को मृत पशुओं की कब्रगाह बनने से रोकने के लिए रामलीला समिति के अध्यक्ष राम नरायन अग्रहरि व रामलीला समिति के मंत्री अनिल अग्रहरि ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरी से लिखित शिकायत की है। कहा कि यह मैदान लोगों की धार्मिक भावनाओं से जुडाध हुआ है। जिस पर आज सैकड़ों वर्षों से विजयादशमी का मेला लगता है। और रामलीला का मंचन भी किया जाता है। पत्रक में कहा कि आठ जनवरी को एक मृत पशु को शाम के समय नगर पालिका की जेसीबी के द्वारा गड्ढा खोदकर इसी मैदान में दफना दिया गया। जो कि धार्मिक भावना के अनुसार अनुचित है। रामलीला समिति नगर पालिका के इस कृत्य की घोर निंदा करती है। नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारी से यह सुनिश्चित करने का आश्वासन चाहती है कि भविष्य में बिना रामलीला समिति की पूर्व अनुमति के इस प्रकार का कोई भी कार्य नहीं करेगी। साथ ही मृत पशु के शव को तत्काल मैदान से निकाल कर आबादी से दूर दफन करने का इंतजाम करने की बात कही। ईओ ने मृत पशु को हटवाने का आश्वासन दिया।

## जनपद के निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के निर्माण का कार्य बजट के अभाव में हुआ बंद

जौनपुर । निर्माणाधीन उमानाथ सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य बंद हो गया, जिसमें श्रमिकों का करोड़ों रुपए का पारिश्रमिक भुगतान नहीं किया गया उधर शासन की आरे से स्वीकृति 80 करोड़ रूपये का बजट भी जिम्मेदारों की लापरवाही से अधर में लटक गया है ।बजट में अभाव में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के निर्माण बंद होने से एडमिन भवन, ऑडिटोरियम, टीचिंग रूम, एकेडमिक, प्लेग्राउंड, गेस्ट हाउस, जूनियर सीनियर रेजिडेंस बॉयज एंड गर्ल्स हॉस्टल समेत 32 भवन आधे अधूरे बने पड़े हैं। श्रमिकों ने करोड़ों रुपए पारिश्रमिक बकाया होने के चलते काम का बहिष्कार कर दिया है। श्रमिक भुगतान के लिए निर्माण एजेंसी के अफसरों पर चक्कर लगा रहे हैं और ठेकेदार कंक्रीट के बकाए के भुगतान के लिए निर्माण एजेंसी के जिम्मेदारों से नोकझोंक भी किया। विगत महीने शासन ने मेडिकल कालेज के निर्माण के लिए 80 करोड़ रूपये का बजट स्वीकृत की थी, लेकिन कालेज निर्माण एजेंसी का कहना है कि यह बजट अभी तक प्राप्त नहीं हो सका है, जिसके चलते श्रमिकों व ठेकेदारों का भुगतान करोड़ों रुपए लटका हुआ है। निर्माण कार्य बन्द होने से भवन अधर में लटक गया है। चुनावी आचार संहिता लगते ही पूरी तरह से काम बन्द हो गया। निर्माण इकाई राजकीय निर्माण निगम ने टेन्डर टोकन पर टाटा निर्माण एजेंसी को निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी थी, लेकिन टाटा निर्माण एजेंसी को भुगतान नहीं मिला। जिसके चलते वह भी श्रमिकों के भुगतान में हाथ खड़े कर दिए। जिसके कारण श्रमिकों के खाने के लाले पड़ गए। उधर निर्माण कार्य पूरी तरह से ठप होने से ठेकेदारो ने आक्रोश जताते हुए धरने की चेतावनी दी। आरके सिंह एई, राजकीय निर्माण निगम ने बताया कि बजट नहीं मिलने के चलते निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य बंद हुआ है।

## नितेश यादव महासंघ के बने जिला महासचिव

जौनपुर। धर्मापुर ब्लॉक के कौवापार निवासी सामाजिक कार्यकर्ता समाजवादी शिक्षण संस्थान के संचालक नितेश यादव को अखिल भारतीय यादव महासंघ का जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजीत यादव ने नितेश यादव के समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान एवं स्वजातीय बंधुओ एवं अन्य पिछड़ा वर्ग तथा दलित वर्ग के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने के कार्य को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। नितेश यादव काशी हिंदू विश्वविद्यालय से मास्टर ऑफ सोशल वर्क की उपाधि लेने के उपरांत नौकरी न करके लॉकडाउन से ही समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर योगदान दे रहे हैं। नितेश यादव को महासचिव बनाये जाने पर सत्येंद्र, रोहित, मुलायम, दीपेंद्र, अश्वनी, अत्येन्द्र आदि लोगों ने प्रसन्नता जताते हुए बधाई दी है।

## हैलट की फ्लू ओपीडी में आने वाले 60 फीसदी रोगियों की कोरोना जांच पॉजिटिव

कानपुर। जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार बेकाबू हो चली है। इसका आंकलन इसी बात से लगाया जा सकता है कि महज 15 दिन के भीतर सक्रिय मामलों की संख्या नौ से बढ़कर 2537 पर पहुंच गई। यानि संक्रमण दर दो सप्ताह में छह गुणा तक बढ़ गई। हैलट की फ्लू ओपीडी में आने वाले 60 फीसदी रोगियों की कोरोना जांच पॉजिटिव मिल रही है। ओपीडी में . 425 सैम्पलों की जांच हुई तो उसमें 270 के आस–पास पॉजिटिव मिले हैं। फ्लू ओपीडी में बाहर से भी कुछ लोग आ रहे हैं। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों के भी सैम्पल लिए जा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य प्रो.संजय काला के मुताबिक, बीमार लोगों को संक्रमण शुरू हो गया। दूसरी बीमारी के इलाज को हैलट आ रहे हैं, मगर कोरोना की जांच कराई जाती है तो पॉजिटिव मिल रहे हैं। अस्पताल में 90 फीसदी लक्षणों वाले मिल रहे हैं। इस बार लक्षणों में सबसे अधिक नाक का बहना है। सिर व बदन दर्द की शिकायत वाले आ रहे हैं। इमरजेंसी में भी जब ऐसे मरीजों की जांच हो रही है तो ऑक्सीजन लेवल पर कोई असर नहीं है सिर्फ नाक बहने और सर्दी जुकाम या दो तीन दिन से खराश की शिकायत करने वाले हैं। डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ सबसे अधिक संक्रमितः प्रो. काला के मुताबिक,अस्पतालों में सक्रमितों के बढ़ने पर डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ सबसे अधिक संक्रमित हो रहे हैं। अब तक लगभग 100 डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ संक्रमित हो चुके हैं। इसमें पैथालॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, रेडियोलॉजी और इमरजेंसी में काम करने वाले स्टाफ हैं। इसलिए ओपीडी में मरीजों की संख्या कुछ कम कर दी गई है। हालांकि दूर दराज से आने वाले मरीजों को देखने के लिए कहा गया है।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर , 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2012/49458
संस्थापकः- स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः- राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# पुराने कुशन कवर्स को न समझें बेकार, इन तरीकों से करें उनका दोबारा इस्तेमाल



अगर आपके घर में कुशन्स हैं तो यकीनन आपके पास तरह–तरह के डिजाइन वाले कुशन कवर्स भी होंगे, लेकिन लगातार इस्तेमाल से ये एक समय बाद पुराने लगने लगते हैं और कई लोग उन्हें बेकार समझकर फेंक देते हैं। हालांकि, आप ऐसा न करें और अगर आपके पास पुराने कुशन कवर्स हैं तो आप उनका कई बेहतरीन तरीकों से दोबारा इस्तेमाल कर सकते हैं। आइए ऐसे ही कुछ तरीको के बारे में जानते हैं।

ग्रॉसरी बैग बनाएंः आप चाहें तो पुराने कुशन कवर्स से ग्रॉसरी बैग बना सकते हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि कुशन कवर्स प्लेन होने चाहिए यानी उन पर मोती आदि नहीं लगे होने चाहिए। ग्रॉसरी बैग बनाने के लिए सबसे पहले एक कुशन कवर के एक हिस्से की सिलाई खोल दें, फिर कुशन कवर के ऊपरी हिस्से पर पुरानी टाइ से स्ट्रेप बनाएं। आप चाहें तो इस बैग पर चेन भी लगा सकते हैं। ग्रॉसरी बैग तैयार करने के बाद इसका इस्तेमाल करें।

एप्रन बनाएंः अगर आपके पास चार मोटे फैब्रिक वाले पुराने कुशन कवर्स हैं तो आप इनका इस्तेमाल करके एप्रन बना सकते हैं। इसके लिए पहले तीन कुशन कवर्स की सिलाई खोलें, फिर इन्हें किनारों से आपस में स्टिच करें। इसके बाद चौथे कुशन कवर से तीन स्ट्रिप काटकर दो स्ट्रिप को कमर की तरफ से स्टिच करें और एक स्ट्रिप से गले का डिजाइन बना लें। ऐसे आपका एप्रन तैयार हो जाएगा। सॉफ्ट टेडी बियर बनाएंः आप चाहें तो पुराने कुशन कवर्स से छोटे बच्चों के लिए सॉफ्ट टेडी बियर भी बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले टेडी बियर के आकार में एक कुशन कवर को डबल लेयर में काट लें। अब इस डबल लेयर को एक–दूसरे के ऊपर रखें और इसे तीन तरफ से सिल लें। अब खुली तरफ से कुशन कवर में रुई भर दें, फिर इसे भी सिल दें। तैयार टेडी बियर पर प्लास्टिक की आंख और नाक चिपक दें।

टॉप बनाएंः अगर आपके पास एक पुराना और बड़ा कुशन कवर है तो आप उससे छोटी बच्ची के लिए टॉप बना सकते हैं। इसके लिए कुशन कवर को डबल लेयर की तरफ से वी शेप में काटें और टॉप का गाला बनाएं। ये सेक्शन ज्यादा बड़ा नहीं होना चाहिए। कटिंग करने से पहले गले की जगह से किनारे को सिल लें ताकि इसको साफ फिनिश मिल सके। अब किसी दूसरे कुशन कवर को काटकर अपने हिसाब से स्लीव्स का डिजाइन बना लें।

# इस साल हंसिका मोटवानी के पास है बहुत फिल्म

हंसिका मोटवानी, जिन्होंने तमिल और तेलुगु में कई सुपरहिट में अभिनय किया है, नए साल की प्रतीक्षा कर रही हैं, उनका कहना है कि इस साल प्रसंस्करण के विभिन्न चरणों में उनकी नौ



परियोजनाएं हैं। आने वाले साल को लेकर काफी आशान्वित हंसिका ने कहा, पिछला साल सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण परीक्षा रहा है। खासकर फिल्म बिजनेस, जो बेहद मुश्किल हालात से गुजर रहा था। अभिनेत्री ने फिल्म उद्योग में अपने दोस्तों, मीडिया, अपने प्रशंसकों और हर किसी को धन्यवाद देते हुए कहा, यह प्यार और करुणा है जो दुनिया को आगे बढ़ा रही है, और मैं खुश और भाग्यशाली हूं कि मैंने उन्हें बहुत कुछ खोजा है। इस कठिन समय में मदद करें। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मेरे पास इस साल नौ परियोजनाओं पर काम चल रहा है, जिनमें से सभी विभिन्न राज्यों में पूरी होने के कगार पर हैं। इस साल, मैं चाहता हूं कि सभी की आकांक्षाएं और उद्देश्य पूरे हों। हर्षित, शांत और समृद्ध रहें, और सकारात्मकता को बढ़ावा देना न भूलें, जिसकी अत्यंत आवश्यकता है। अभिनेत्री अब राजेश द्वारा अभिनीत एक हॉटस्टार ओरिजिनल पर काम कर रही है, जो ओरु कल ओरु कन्नड़ के बाद उनका दूसरा सहयोग होगा। उनके पास महा, पार्टनर, राउडी बेबी, माई नेम इज श्रुति और 105 मिनट्स सहित कई परियोजनाएं हैं। इसके अलावा, वह वालु के निर्देशक विजय चंदर के साथ काम करेंगी और आर. कन्नन के साथ एक प्रोजेक्ट पर काम करेंगी।




# जल्द शुरू होगा डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स 5, सोनाली और मौनी कर सकती हैं जज

डांस रियलिटी शो हमेशा से दर्शकों की पसंद रहे हैं। डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स को भी दर्शक खूब पसंद करते हैं। इस शो में बच्चे अपने डांस का हुनर दिखाते हैं। डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स 5 का दर्शकों बेसब्री से इंतजार है। अब जल्द ही यह सीजन आने वाला है। यही नहीं खबर है कि नए सीजन को सोनाली बेंद्रे और मौनी रॉय जज करती नजर आएंगी।




रिपोर्ट के मुताबिक इस शो का शुरुआती काम चालू हो चुका है। जज फाइनल होते ही ऑडिशन की डेट भी फाइनल कर ली जाएगी। सोनाली बेंद्रे और मौनी रॉय से नए जज के लिए संपर्क किया गया है। शो में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चंडीगढ़, लखनऊ, जयपुर, इंदौर, गुवाहाटी, वडोदरा और पुणे से प्रतियोगी शामिल होंगे। तीन से 13 आयु वर्ग के प्रतियोगी लिटिल मास्टर बनने के लिए एक–दूसरे से प्रतिस्पर्धा करेंगे। राघव जुयाल शो को होस्ट करेंगे।

शो का पहला सीजन फराह खान और संदीप सोपरकर ने जज किया था। दूसरे सीजन को गीता और मास्टर मर्जी ने जज किया। गीता कपूर, अहमद खान और मुदस्सर खान तीसरे सीजन, वहीं मर्जी पेस्टनजी, चित्रांगदा सिंह व सिद्धार्थ आनंद चौथे सीजन के जज थे।

डांस इंडिया डांस की सफलता को देखते हुए डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स की शुरुआत हुई थी। काफी लंबे समय बाद डांस इंडिया डांस टीवी पर लौट रहा है। इस शो से कई प्रतियोगी अब सेलेब्रिटी बन चुके हैं। इसमें ६र्मेश, शक्ति मोहन, राधव जुयाल, सलमान युसूफ खान, पुनीत जैसे डांसर्स का नाम शामिल है। इतना ही नहीं रेमो डिसूजा तो एबीसीडी नाम की डांस फिल्म का भी निर्देशन कर चुके हैं जिसके और भी पार्ट आ चुके हैं।

ग्रैंड मास्टर मिथुन चक्रवर्ती की जगह शो में रेमो डिसूजा ने ली है। उन्होंने बताया, डीआईडी लिटिल मास्टर्स ना केवल हमारे देश में सबसे कम उम्र की प्रतिभाओं को अपने नृत्य कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करता है, बल्कि उनके कौशल को और निखारता है। उन्हें एक अच्छा कलाकार बनाता है। उन्होंने कहा, इस शो का हिस्सा बनना सम्मान और खुशी की बात है, क्योंकि ये छोटे बच्चे सचमुच मुझे अंदर से प्रेरित करते हैं।

सोनाली ने सबसे पहले 2008 में मिस्टर एंड मिसेज टेलीविजन को जज किया था। इंडियन आइडल के चौथे सीजन, इंडियाज गॉट टैलेंट और शो हिन्दुस्तान के हुनरबाज की जज भी सोनाली थीं। उन्होंने आखिरी बार 2013–2016 तक इंडियाज बेस्ट ड्रामेबाज को जज किया था। बात करें मौनी की तो वह नच बलिए 6 से लेकर झलक दिखला जा 9 तक कई रियलिटी शो की मेहमान बन चुकी हैं, लेकिन उन्हें कभी जज की कुर्सी पर बैठे नहीं देखा गया।

# रणवीर सिंह अभिनीत 83 ने भारत में कमाए 100 करोड़ रुपये



हाल में रणवीर सिंह अपनी स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 83 में नजर आए हैं। फिल्म क्रिसमस के मौके पर 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में आई है। यह फिल्म भारतीय क्रिकेट के 1983 के ऐतिहासिक वर्ल्ड कप की जीत पर आधारित है, जिसके केंद्र में कपिल देव हैं। कोरोना वायरस के कारण थिएटर बंद होने की वजह से मेकर्स को नुकसान उठाना पड़ा। इसी बीच जानकारी सामने आई है कि फिल्म ने भारत में 100 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने अपने ट्विटर हैंडल पर जानकारी दी है। उन्होंने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, फिल्म 83 ने 100 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा छू लिया है। स्वाभाविक तौर पर इस फिल्म को दूसरे वीकेंड तक ही कमाई का शतक लगा लेना चाहिए था, लेकिन महानगरों ने इसमें अवरोध पैदा किया। दिल्ली और मुंबई सहित कई राज्यों में पाबंदियां लगने के बाद फिल्म की कमाई पर असर पड़ा। इस फिल्म को क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों का फायदा नहीं मिल पाया। तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद फिल्म ने कमाई का शतक लगा लिया है। इसी के साथ फिल्म के नाम एक रिकॉर्ड भी जुड़ गया है। सूर्यवंशी के बाद 83 कोरोना महामारी के दौरान घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये कमाने वाली दूसरी बॉलीवुड फिल्म बन गई है। अक्षय कुमार की सूर्यवंशी को दर्शकों और समीक्षकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। रिपोर्ट के मुताबिक, 83 ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 100.56 करोड़ रुपये की कमाई की है। फिल्म ने रिलीज के 17 दिनों में इतना कलेक्शन किया है। बड़े बजट की फिल्म होने के नाते मेकर्स को काफी उम्मीदें थीं। फिल्म ने ओपनिंग डे को 12.64 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। ओपनिंग वीकेंड में फिल्म की कमाई बढ़कर 47 करोड़ रुपये हो गई। एक सप्ताह में फिल्म 71.87 करोड़ रुपये कमा पाई। 83 में रणवीर ने कपिल देव का किरदार निभाया है। भले ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर पाई, लेकिन रणवीर ने कपिल के किरदार के साथ न्याय किया। इसमें रणवीर की पत्नी और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण कपिल की पत्नी रोमी देव के किरदार नजर आई हैं। फिल्म का निर्देशन कबीर खान ने किया है। फिल्म के गाने को कंपोजर प्रीतम ने कंपोज किया है। फिल्म को दुनियाभर में अंग्रेजी, हिन्दी, तमिल और तेलुगु में रिलीज किया गया। इस समय बॉलीवुड में क्रिकेट पर आधारित कई फिल्में बन रही हैं। शाहिद कपूर की जर्सी भी एक क्रिकेट पर आधारित फिल्म है। वहीं, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की शानदार खिलाड़ी रहीं झूलन गोस्वामी की बायोपिक भी चर्चा में है।

# अच्छी नींद लेने वाले नवजात में कम होता है मोटापा



ऐसे नवजात जो रात में अच्छी नींद लेते हैं, उनमें अधिक वजन की समस्या कम होती है। यह खुलासा ?किया है एक ताजा अध्ययन में। अमेरिका के ब्रिघम एंड वीमेंस हॉस्पिटल, मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल और उनके सहयोगियों से जुड़े रिसर्चर्स की एक नई स्टडी में अहम जानकारी सामने आई है, इसके मुताबिक जो नवजात रात में ज्यादा सोते और कम जागते हैं, उनमें बालपन यानी शैशवावस्था में मोटापे की आशंका कम होती है। ब्रिघम के डिवीजन आफ स्लीप एंड सर्कैडियन डिसआर्डर्स में सीनियर फिजिशियन और स्टडी की सह लेखिका सुसन रेडलाइन के अनुसार, श्हमारी नई स्टडी में पता चला है कि न सिर्फ रात में नींद की कमी, बल्कि लंबे समय तक जागे रहने से भी पहले 6 महीने के दौरान शिशुओं में मोटापे का खतरा बढ़ जाता है।य रेडलाइन व उनके सहयोगियों ने वर्ष 2016–18 के बीच मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल में जन्मे 298 नवजातों पर ये स्टडी की।य टीम ने एंकल एक्टिग्राफी वॉच के जरिये नवजातों की हरकतों पर नजर रखी। एंगल एक्टिग्राफी वॉच एक प्रकार का उपकरण है, जिसके जरिये बेबी एक्टिविटी और आराम के कई दिनों का ब्योरा जुटाया जा सकता है। बच्चों के विकास का आकलन करने के लिए साइंटिस्टों ने शिशु की ऊंचाई और वजन का आकलन किया और इसके जरिये उनका बॉडी मास्क इंडेक्स (बीएमआइ) तैयार किया। साइंटिस्टों का मानना है कि इस पहलू पर सेल्फ रेगुलेशन की भी जरूरत है, क्योंकि मोटापे का संबंध अत्यधिक खानपान से भी हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के ग्रोथ चार्ट के 95 परसेंटाइल या उससे ज्यादा पाए जाने पर शिशुओं को मोटापे की श्रेणी में वर्गीकृत किया गया। रिसर्चर्स ने पाया कि अगर बच्चा एक घंटा भी अतिरिक्त सोता है, तो उसके मोटापाग्रसित होने का खतरा 26 फीसद कम हो जाता है और जो बच्चे रात में बहुत कम जागते हैं, उनके मोटा होने का खतरा अत्यंत कम हो जाता है।